Web Portal
www.ghatatighatana.com
G.G. News
सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के लिए एक प्रकाशन...
RNI REG.NO.-CHHHIN/2004/15050
डाक पंजीयन क्रमांक- 013/रायगढ़/2020-2022

# घटती घटना

अम्बिकापुर, वर्ष 18,अंक-289 गुरूवार,25 अगस्त 2022, पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपये

**ज्ञान की बातें**

चित्त जिस रूप की कल्पना करता है,बाद में वैसा ही हो जाता है।
-योग वशिष्ठ-

# भ्रष्टाचार के ओरोपों पर बीएमसी के कामकाज का स्पेशल ऑडिट करेगा कैग

## देवेंद्र फडणवीस बोले-जांच में न हो मजाक

**मुंबई, 24 अगस्त 2022।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को राज्य विधानसभा को जानकारी दी कि नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक द्वारा , बृहन्मुंबई नगर निगम के कामकाज का विशेष ऑडिट किया जाएगा। विधानसभा की निचली प्रतिनिधि सभा यानी विधानमंडल में एक चर्चा करते हुए उन्होंने यह भी कहा कि राज्य शहरी विकास विभाग अलग से आरोपों की समयबद्ध जांच करेगा। दरअसल मुंबई में सेवारत नागरिक अधिकारियों पर आरोप लगाया गया है कि अधिकारियों ने अपनी कंपनियां शुरू की हैं और काम के अनुबंध स्वीकार कर रहे हैं।

### दो दशकों से बीएमसी पर है शिवसेना का राज

उन्होंने आगे कहा, %कैग द्वारा बीएमसी के कामकाज पर एक विशेष ऑडिट किया जाएगा, जिसमें सड़कों की गुणवत्ता, कोविड-19 केंद्रों की स्थापना में घोटालों के आरोप शामिल हैं। बता दें कि पिछले दो दशकों से मुंबई नगर निकाय पर




शिवसेना पार्टी का कब्जा है। इस साल मार्च महीने में निर्वाचित सदस्यों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद महाराष्ट्र सरकार ने इकबाल सिंह चहल को बीएमसी का प्रशासक नियुक्त किया था। बता दें कि जल्द ही शहर में नगर निगम के चुनाव होने वाले हैं।

देवेंद्र फडणवीस ने कहा, %जांच के साथ मजाक नहीं होना चाहिए और इसे समयबद्ध तरीके से किया जाना चाहिए।

### जमीन के बदले रेलवे को 800 करोड़ रुपये मिले

फडणवीस ने यह भी कहा कि नगर निकाय के पास अपनी चॉलों और जर्जर इकाइयों के पुनर्विकास के लिए संसाधन हैं। उन्होंने सदन को यह भी जानकारी दी कि राज्य सरकार ने धारावी पुनर्विकास परियोजना के लिए जमीन के बदले रेलवे को 800 करोड़ रुपये का भुगतान किया है। उपमुख्यमंत्री ने कहा, परियोजना से जुड़े कुछ मुद्दों पर केंद्र सरकार के साथ बातचीत चल रही है और 30 अगस्त तक फैसला आने की उम्मीद है। उन्होंने यह भी कहा कि बीएमसी के 29,009 सफाई कर्मचारियों को उनके स्वामित्व वाले घर मिलेंगे।

# बड़े बदलाव की ओर कांग्रेस,अशोक गहलोत को अध्यक्ष पद की पेशकश

**नई दिल्ली , 24 अगस्त 2022।** देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस बड़े बदलाव की ओर अग्रसर है। दशकों बाद वह गैर गांधी को अध्यक्ष चुन सकती है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार कांग्रेस की मौजूदा अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी ने राजस्थान के सीएम व वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत से अध्यक्ष बनने की पेशकश की है। हालांकि, गहलोत कई बार कह चुके हैं कि राहुल गांधी को अध्यक्ष बनाया जाए। हाल ही में उन्होंने यह भी कह दिया था कि राहुल अध्यक्ष नहीं बने तो पार्टी में निराशा आएगी और कई लोग घर बैठ जाएंगे।



बता दें कि कांग्रेस के नए अध्यक्ष का चुनाव 21 सितंबर तक होना है। इसका विस्तृत कार्यक्रम पार्टी जल्द जारी करने वाली है। इसी बीच, एक मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि सोनिया गांधी ने मंगलवार को राजस्थान के सीएम गहलोत से अपने आवास पर मुलाकात की। समझा जाता है कि इसमें उन्होंने गहलोत से पार्टी की बागडोर संभालने का आग्रह किया। सोनिया गांधी ने गहलोत से यह भी कहा कि वह खराब स्वास्थ्य के चलते पार्टी की जिम्मेदारी नहीं संभाल सकती।

हालांकि, गहलोत ने फिर दोहराया कि राहुल गांधी अध्यक्ष पद के लिए सर्वसम्मत पसंद हैं। सोनिया गांधी से मुलाकात के बाद अहमदाबाद जाते वक्त दिल्ली एयरपोर्ट पर गहलोत ने कहा कि वह बार बार कह रहे हैं कि राहुल गांधी जी के अध्यक्ष बनने पर ही पार्टी का पुनर्गठन हो सकेगा। उनके अध्यक्ष बने बगैर नेता व कार्यकर्ता निराश हो जाएंगे। हम राहुल गांधी पर लगातार दबाव डालेंगे कि वे पार्टी अध्यक्ष का पद संभालें।

# लालू प्रसाद यादव इस मामले में बरी,कोर्ट से मिली बड़ी राहत

**हाजीपुर, 24 अगस्त 2022।** लालू प्रसाद यादव को हाजीपुर सिविल कोर्ट की तरफ से बड़ी राहत मिली है. 2015 विधानसभा चुनाव के दौरान



आचार संहिता उल्लंघन मामले में लालू प्रसाद यादव को बरी कर दिया गया है. कोर्ट की तरफ से कहा गया है कि उनके खिलाफ कोई ऐसा सबूत नहीं मिला है, इसी वजह से उन्हें इस मामले में बरी करने का फैसला लिया गया है.

आपको बता दें कि इससे पहले साल 2009 में भी चुनाव के दौरान लालू यादव पर आचार संहिता उल्लंघन का आरोप लगा था. लेकिन बाद में कोर्ट ने उन्हें 6 हजार के जुर्माने के साथ बरी कर दिया था. अब इस 2015 वाले मामले में भी लालू यादव को बड़ी राहत मिली है. यहां सबूतों के अभाव में छोड़ने का फैसला किया गया है।

# पीएम मोदी ने फरीदाबाद में एशिया के सबसे बड़े निजी अस्पताल का किया उद्घाटन

**नई दिल्ली/ फरीदाबाद, 24 अगस्त 2022।** हरियाणा की औद्योगिक नगरी फरीदाबाद को बुधवार को अमृता अस्पताल के रूप में चिकित्सीय क्षेत्र की बड़ी सौगात मिली। हालांकि अस्पताल का निर्माण माता अमृतानंदमयी मिशन ट्रस्ट की ओर से किया गया है और इसे निजी क्षेत्र का ही माना जाएगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हेलीकाप्टर से पहुंचकर अमृता अस्पताल का उद्घाटन किया है। इस दौरान उनके साथ हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल भी मौजूद रहे। यह एशिया का सबसे बड़ा निजी अस्पताल है।





### जानें खास बातें-

फरीदाबाद के सेक्टर-88 में निर्मित अस्पताल 2600 बेड का होगा।

पहले चरण में 550 बेड की सुविधाओं के साथ शुरू होगा

इसमें सभी प्रमुख चिकित्सकीय सुविधाएं होंगी, जिसमें आर्कियोलाजी, कार्डियक साइंस, न्यूरो साइंस, गेस्ट्रो साइंस, रिनल, ट्रामा ट्रांसप्लांट, मदर एंड चाइल्ड केयर सहित 81 तरह की विशेष चिकित्सीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

### पांच साल में एक हजार हो जाएगी बेड की संख्या

अस्पताल के रेजीडेंट मेडिकल निदेशक डा.संजीव के सिंह के अनुसार अम्मा यानी माता अमृतानंदमयी के आशीर्वाद से दो साल बाद अस्पताल में बेड की संख्या बढ़कर 750 और पांच साल में एक हजार बेड की हो जाएगी। इसमें 534 क्रिटिकल केयर बेड भी शामिल होंगे। फिर चरण दर चरण इसमें विस्तार करते हुए 2600 बेड का अस्पताल जनता को समर्पित होगा।


**फ्लोर टेस्ट से पहले खेला**

# आरजेडी के सांसद,एमएलसी समेत कई नेताओं के घर सीबीआई की रेड

**पटना, 24 अगस्त 2022।** बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली महागठबंधन सरकार के फ्लोर टेस्ट से पहले केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई और ईडी ने छापेमारी की है। बताया जा रहा है कि सीबीआई ने जॉब के बदले जमीन मामले में पटना में आरजेडी एमएलसी सुनील सिंह, आरजेडी सांसद अशफाक करीम, फैयाज अहमद और पूर्व एमएलसी सुबोध राय के यहां भी छापेमारी की है। वहीं झारखंड में छापेमारी की खबर है।

बुधवार सुबह सीबीआई की टीम पटना स्थित अशफाक करीम और सुनील सिंह के घरों पर छापेमारी करने पहुंची। इसके अलावा फैयाद अहमद और सुबोध राय के आवास पर भी छापेमारी की खबर है। बताया जा रहा है कि कथित लैंड फॉर जॉब स्कैम में यह छापेमारी की जा रही है।






सुनील सिंह और सुबोध राय आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के करीबी हैं। बता दें कि आज ही विधानसभा में नीतीश सरकार को बहुमत साबित करना है।

जानकारी के मुताबिक बुधवार सुबह करीब 8 बजे सीबीआई की टीम सुनील सिंह के पटना स्थित आवास पर पहुंची। सीबीआई अधिकारियों के साथ सुरक्षाबल भी मौजूद है। आरजेडी सांसद अशफाक करीम के घर भी सीबीआई की टीम पहुंची है। हालांकि अभी इसकी पुष्टि नहीं हुई है। साथ ही आरजेडी सांसद फैयाज अहमद और पूर्व एमएलसी सुबोध राय के आवास पर भी रेड की सूचना है।

सीबीआई की ये कार्रवाई बिहार विधानसभा में महागठबंधन सरकार के फ्लोर टेस्ट से ठीक पहले हुई है। राज्य में सत्ता परिवर्तन के बाद बुधवार को विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया गया है, जिसमें नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली नई सरकार का बहुमत परीक्षण होगा। इसके साथ ही स्पीकर विजय सिन्हा के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर भी वोटिंग होगी।

सीबीआई ने रेल मंत्री रहे लालू प्रसाद यादव, उनकी पत्नी राबड़ी देवी, दो बेटियां, नौकरशाह और कुछ निजी व्यक्तियों के खिलाफ केस दर्ज किया था। आरोप हैं कि लालू यादव के रेल मंत्री रहते हुए रेलवे में ग्रुप डी पोस्ट पर लोगों को नौकरियां दिलाई गईं, इसके बदले में जमीन लालू परिवार के लोगों के नाम पर करवा दी गई।

# केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का धांसू प्लान,अब 60 किमी के भीतर नहीं होगा कोई टोल टैक्स

**नई दिल्ली, 24 अगस्त 2022।** केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गड़करी ने सरकार की एक अहम योजना के बारे में जानकारी दी। लोक सभा में गडकरी ने कहा कि नेशनल हाईवे (राष्ट्रीय राजमार्ग) पर 60 किलोमीटर के भीतर कोई टोल प्लाजा नहीं होगा। यानी हाईवे पर अब टोल प्लाजा की संख्या सीमित होगी और लोगों को बार-बार टोल चुकाना नहीं पड़ेगा। उन्होंने बताया कि अगले 3 महीने के अंदर यह सुनिश्चित किया जायेगा कि 60 किलोमीटर के अंदर सिर्फ एक ही टोल नाका रहे। इसके बीच में जितने भी टोल प्लाजा होंगे सभी को बंद कर दिया जायेगा।




**स्थानीय लोगों को जारी किया जायेगा पास**

केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने ऐलान के मुताबिक अगले 3 महीने में 60 किलोमीटर के दायरे में सिर्फ एक टोल प्लाजा ही होगा। वहीं टोल प्लाजा के करीब रहने वाले लोगों को टोल नहीं चुकाना होगा स्थानीय लोगों का पास जारी किया जायेगा। सरकार की नई योजना से टोल प्लाजा के करीब रहने वालों को भी काफी फायदा मिलने की उम्मीद है। इस संदर्भ में, केंद्रीय मंत्री गडकरी ने पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी के एक प्रसिद्ध उद्धरण का जिक्र किया कि अमेरिकी सड़कें इसलिए अच्छी नहीं क्योंकि अमेरिका समृद्ध है, बल्कि अमेरिका समृद्ध है क्योंकि अमेरिकी सड़कें अच्छी हैं।

# अमिताभ बच्चन दूसरी बार हुए कोरोना पॉजिटिव,ट्वीट कर दी जानकारी

**मुम्बई, 24 अगस्त 2022।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन एक बार फिर से कोरोना कि चपेट में आ गए हैं। इस बात कि जानकारी खुद अमिताभ बच्चन ने ट्वीट कर दी है। बता दें इन दिनों अमिताभ बच्चन 'कौन बनेगा करोड़पति 14' होस्ट कर रहे थे। उन्होंने ट्वीट पर इस बारे में जानकारी दी और उनके संपर्क में आए लोगों से तत्काल जांच कराने का अनुरोध किया।



ट्वीट कर संपर्क में आए लोगों को जांच करवाने कि दी सलाह

अमिताभ बच्चन ने ट्वीट कर लिखा ÷मैं अभी-अभी कोरोना वायरस पॉजिटिव पाया गया हूं। जो भी मेरे संपर्क में आयें या जो भी मेरे आसपास थे, वह कृप्या अपना टेस्ट जरूर करवाएं।÷ बता दे बिग बी सोनी टीवी के कौन बनेगा करोड़पति 14 की शूटिंग कर रहे हैं।

### इससे पहले भी अमिताभ बच्चन हो चुके कोरोना पॉज़िटिव

बता दें इससे पहले जुलाई 2020 में भी अमिताभ बच्चन कोरोना वायरस से संक्रमित हो गए थे। उनके अलावा बेटे अभिषेक, बहू ऐश्वर्या और पोती आराध्या को भी इस वायरस ने अपनी चपेट में ले लिया था।

# बिहार से झारखंड तक ताबड़तोड़ छापे,खंगाले जा रहे है रेलवे में नौकरी के बदले जमीन घोटाले के दस्तावेज,हेमंत सोरेन के करीबी के घर पर भी रेड

**पटना/रांची, 24 अगस्त 2022।** बिहार से लेकर झारखंड तक केंद्रीय एजेंसियों ने बुधवार सुबह ही ताबड़तोड़ छापेमारी की है। सीबीआई ने रेलवे में नौकरी के बदले जमीन घोटाले में पटना में आरजेडी के एमएलसी सुनील सिंह के घर पर छापेमारी की है। सुनील सिंह को लालू प्रसाद यादव के करीबी नेताओं में शुमार किया जाता है।







बता दें कि यह ऐक्शन ऐसे वक्त में हुआ है, जब विधानसभा में नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव की सरकार फ्लोर टेस्ट साबित करने वाली है। आरजेडी के सांसद अशफाक करीब के घर पर भी छापेमारी की गई है। कहा यह भी जा रहा है कि सीबीआई ने राजद सांसद फैयाज अहमद और पूर्व एमएलसी सुबोध राय के आवास पर भी रेड की है। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

### झारखंड के खनन घोटाले में पूछताछ के बाद रेड

बिहार के अलावा झारखंड के खनन घोटाले को लेकर ईडी सक्रिय है। केंद्रीय एजेंसी ने सीएम हेमंत सोरेन के प्रतिनिधि और विधायक पंकज मिश्रा से पूछताछ के बाद छापेमारी की है। झारखंड की राजधानी रांची समेत कई ठिकानों पर ईडी ने एक साथ छापेमारी की है। अवैध खनन और उगाही के मामले में ईडी के ऐक्शन से झारखंड का सियासी पारा चढ़ गया है।

ईडी ने प्रेम प्रकाश के ठिकानों पर भी छापेमारी की है, जिसने नेताओं से अच्छे संपर्क बताए जाते हैं। फिलहाल झामुमो की ओर से इस पर कोई रिएक्शन नहीं आया है। लेकिन बिहार में आरजेडी ने छापेमारी को भाजपा की शरारत बताया है। आरजेडी ने कहा कि केंद्रीय एजेंसियां भाजपा की पार्टनर के तौर पर काम कर रही हैं।

# मुख्यमंत्री के करीबी के घर से ईडी ने बरामद की 2 एके-47

**रांची, 23 अगस्त 2022।** राजधानी रांची में ईडी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के करीबी प्रेम प्रकाश उर्फ पीपी के यहां से दो-दो एके-47 राइफल बरामद की है. जिसके बाद राजनीतिक दलों के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर भी शुरू हो गया है. भाजपा ने कहा है कि ये मामला काफी गंभीर है। इसकी जांच एनआईए से कराई जानी चाहिए। हथियार को आलमारी में छिपाकर रखा गया था।

मंगलवार की सुबह प्रेम प्रकाश के ठिकानों पर प्रवर्तन निदेशालय (श्वष्ठ) की टीम ने छापेमारी की जिसके बाद उसकी आलमारी से दो एके 47 बरामद हुए. ईडी ने यह दोनों हथियार कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी. हथियार बरामदगी की सूचना स्थानीय पुलसि को भी दी. इससे पहले प्रेम प्रकाश के आवास से कंबोडिया के कछुए बरामद हुए थे.

बता दें कि प्रेम प्रकाश मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का करीबी है. खनन घोटाले में उसका नाम वरिष्ठ आईएएस पूजा सिंघल की गिरफ्तारी के बाद सामने आया था. उसके बाद ही ईडी ने प्रेम प्रकाश के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर बुधवार को उसके हर संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है. प्रेम प्रकाश के रांची और बिहार





स्थित कई ठिकानों पर मई में भी ईडी ने छापेमारी की थी.

बताते चलें कि ईडी की टीम से जुड़े मामलों पर दल बल के साथ राजधानी रांची में 11 स्थान समेत राज्य के 17 लोकेशन पर छापेमारी कर रही है. इसी दौरान झारखंड के सियासी गलियारे में लॉबिस्ट के नाम से मशहूर प्रेम प्रकाश के घर की आलमारी से 2 एके 47 रायफल मिलते ही हड़कंप मच गया.

दो एके-47 की बरामदगी के बाद ईडी सहित विभिन्न एजेंसिया इन हथियारों की जानकारी जुटा रही है. एजेंसियां यह भी जानने का प्रयास कर रही हैं कि ये घातक हथियार रखने का क्या उद्देशय हो सकता है. वहीं, प्रतिबंधित माओवादियों से संबंधों की भी जाँच की जा सकती है. बता दें कि भारत में आम लोगों को एके-47 राइफल रखना प्रतिबंधित है.

बता दें कि अवैध खनन पट्टा के मामले में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जाँच के घेरे में है. उनके कई करीबी भी छापेमारी के दायरे में आ चुके हैं. इसके पहले सोरेन की करीबी आईएएस पूजा सिंघल के घर छापेमारी हो चुकी है और वहाँ से करोड़ों की नकदी बरामद की जा चुकी है।

# कांग्रेस को बड़ा झटका : पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता जयवीर शेरगिल ने पद से दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली, 24 अगस्त 2022।** कांग्रेस को एक बड़ा झटका लगा है. पार्टी के राष्ट्रिय प्रवक्ता जयवीर शेरगिल ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है. कथित तौर पर शेरगिल पिछले कुछ महीनों से प्रेस कॉन्फ्रेंस करने की अनुमति नहीं दी गई थी.



कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी को लिखे अपने त्याग पत्र में उन्होंने कहा, ÷मुझे यह कहते हुए दुख होता है कि निर्णय लेना अब जनता और देश के हितों के लिए नहीं है, बल्कि यह उन लोगों के स्वार्थी हितों से प्रभावित है, जो चाटुकारिता में लिप्त हैं और लगातार जमीनी हकीकत की अनदेखी कर रहे हैं.

सुप्रीम कोर्ट में प्रैक्टिस करने वाले वकील शेरगिल उस समय चर्चा में थे, जब उन्होंने मामलों का सामना कर रहे पार्टी कार्यकर्ताओं को कानूनी सहायता प्रदान करने के लिए 24×7 कानूनी टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर लॉन्च किया था. बता दें उन्हें अक्सर टीवी में डिबेट करते देखा जाता रहा है. निश्चित रूप से ये कांग्रेस के लिए किसी बड़े झटके से कम नहीं है।

## संपादकीय

# के आकार की अर्थव्यवस्था

भारत में सचमुच अर्थव्यवस्था ने के आकार ग्रहण कर लिया है। जिस दौर में आर्थिक बदहाली की कहानियां आम हैं, तभी भारत में क्रिप्टोकरेंसी में निवेश के लिए पैसे की कोई कमी नहीं है।

पहली नजर में इस आंकड़े पर यकीन करना मुश्किल होता है। लेकिन चूंकि आंकड़ा संयुक्त राष्ट्र का है- यानी आधिकारिक है- तो इसे खारिज भी नहीं किया जा सकता। इस आंकड़े से दो खास संकेत मिले। पहला, तो यह कि भारत में सचमुच अर्थव्यवस्था ने के आकार ग्रहण कर लिया है। जिस दौर में महामारी और महंगाई के कारण जमीनी और मध्यम स्तरों पर बदहाली की कहानियां आम हैं, उसी दौर में समाज के एक तबके पास इतना पैसा है कि वह जुआ जैसी गतिविधियों में धन लगाने का जोखिम उठा लेता है। दूसरा संकेत यह है कि समाज में जिन तबकों के पास पैसा है, उनमें धनी से ज्यादा धनी होने की होड़ अब असीमित हो गई है। सच्चाई यह सामने आई है कि कोरोना महामारी के दौरान विश्व भर क्रिप्टोकरंसी में निवेश अभूतपूर्व दर से बढ़ा। संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास सम्मेलन (अंकटाड) की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक इस दौरान भारत में भी क्रिप्टोकरंसी में निवेश करने वालों की संख्या तेजी से बढ़ी। भारतीय आबादी में 7.3 फीसदी लोगों के पास आज डिजिटल करेंसी है।

2021 में क्रिप्टोकरेंसी रखने वाली आबादी की हिस्सेदारी के लिहाज से 20 बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से 15 विकसित देश शामिल थे। 2021 में डिजिटल करेंसी रखने के मामले में दुनिया के शीर्ष 20 देशों में भारत सातवें स्थान पर था। क्रिप्टोकरेंसी भारत में करीब दस साल पहले आ गई थी। 2018 में भारतीय रिजर्व बैंक ने क्रिप्टोकरंसी को बैन कर दिया था। लेकिन दो साल पहले देश के सुप्रीम कोर्ट ने यह प्रतिबंध हटा दिया और तब से भारत में क्रिप्टोकरेंसी का बाजार तेजी से बढ़ा है। एक शोध संस्था के मुताबिक जून 2021 तक एक साल में ही भारत का क्रिप्टोकरेंसी बाजार 650 फीसदी बढ़ चुका था। इसी साल आम बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने क्रिप्टो और एनएफटी को वर्चुअल डिजिटल संपत्ति के तहत लाने का एलान किया था। इससे होने वाली कमाई पर 30 फीसदी का टैक्स लगाया गया था। एक फीसदी टीडीएस अलग से लगाया गया। इससे क्रिप्टो कारोबार को एक तरह की कानूनी मान्यता मिल गई। बहरहाल, ये सवाल बना हुआ है कि क्या ऐसी गतिविधियों को प्रोत्साहित करना उचित है, जिसका संचालन ही भ्रामक है।

# सोनाली फोगाट का मर्डर या हार्ट अटैक

## देश में राजनीतिक हत्याओं का दौर नया नहीं है?

सत्यवान सौरभ
भिवानी, हरियाणा

हरियाणा की बीजेपी नेत्री सोनाली सोनाली फोगाट की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई. डॉक्टर्स ने मौत का कारण दिल का दौरा पड़ना बताया है लेकिन परिवार ने दावा किया है कि सोनाली फोगाटकी हत्या हुई है. सोनाली की बहन रुपेश ने मीडिया से बताया है कि उन्होंने मौत से पहले ही अपनी मां से फोन में बात की थी और कहा था कि %खाने में कुछ गड़बड़ है, जिसका असर मेरे शरीर में पड़ रहा है% सोनाली फोगाट के परिवार का कहना है कि यह मौत नहीं बल्कि हत्या है और इसकी जांच सीबीआई को करनी चाहिए। सोनाली फोगाट का मर्डर हुआ या हार्ट अटैक से उनकी जान गई यह अब जांच का विषय बन गया है. सोनाली की बहन ने कहा है कि रविवार को ही सोनाली की उनकी माँ से बात हुई है. वह बिल्कुल ठीक थी और अपने फार्म हाउस में थीं. लेकिन माँ से उन्होंने कहा था कि उन्हें अपने शरीर में कुछ गड़बड़ लग रही है जैसे किसी ने मेरे साथ कुछ किया हो. शाम को भी सोनाली की अपनी माँ से बात हुई थी. जिसमे उन्होंने कहा था %मेरे खिलाफ साज़िश रची जा रही है. 22 से 25 अगस्त तक सोनाली फोगाट गोवा टूर में गई हुई थी. काम के सिलसिले में वह मुंबई से गोवा गई थीं. लेकिन जिस दिन वो वहां गईं ठीक उसी दिन की रात सोनाली की हार्ट अटैक से मौत हो गई. सोनाली की एक बेटी है जो अब अनाथ हो गई है क्योंकि कुछ सालों पहले ही सोनाली के पति की भी मौत हो चुकी है. आखिर इस नेता का क्या हुआ ये तो वक्त ही बताएगा. मगर देश में राजनीतिक हत्याओं का दौर नया नहीं है.



आज़ादी से पहले पुणे के लोगों द्वारा उठाए गए अन्याय को समाप्त करने के लिए, चापेकर भाइयों ने 22 जून 1897 को रैंड और उनके सैन्य अनुरक्षण लेफ्टिनेंट आयर्स्ट को गोली मार दी। ऑस्ट्रिया-हंगरी के आर्कड्यूक फ्रांज फर्डिनेंड की हत्या। गैवरिलो प्रिंसिप के हाथों उनकी मृत्यु - एक सर्बियाई राष्ट्रवादी, जो गुप्त सैन्य समूह से संबंध रखता है जिसे ब्लैक हैंड के रूप में जाना जाता है - ने प्रमुख यूरोपीय सैन्य शक्तियों को लाखों और लाखों मौतों के साथ युद्ध की ओर प्रेरित किया। टिकट मिलने या न मिलने, नेता की नजर में चढ़ने या गिरने, सत्ता में हिस्सेदारी की संभावना बनने या बिगड़ने के कारण गुस्से, इस्तीफों तथा नए आश्चर्यजनक गठबंधनों का दौर कभी खत्म नहीं होता। इन मतभेदों का एक गंभीर पक्ष है, राजनीतिक हिंसा। शिखर नेताओं पर हुए खतरनाक हमलों से भारत की राजनीति भी विषाक्त है। अब्राहम लिंकन, जॉन एफ कैनेडी, इंदिरा गांधी और बेनजीर भुट्टो की जीवन ज्योति उनके राजनीतिक जीवन के चरम पर बुझा दी गई। आजादी के बाद से राजनीतिक हत्याओं का दौर भारत के राजनीतिक जीवन को भी लहूलुहान करता आया है। भारत को आजादी मिले छह महीने भी नहीं हुए थे कि महात्मा गांधी की हत्या ने दुनिया को हिला दिया। वर्ष 1953 में कश्मीर की शेष भारत के साथ एकता का आंदोलन करने वाले डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की श्रीनगर की जेल में रहस्यमय मृत्यु हो गई थी। उसे अटल बिहारी वाजपेयी ने शेख और नेहरू की दुरभिसंधि से की गई राजनीतिक हत्या बताया था। उसकी तो जांच तक नहीं की गई, जबकि श्यामा प्रसाद मुखर्जी नेहरू सरकार में पहले उद्योग मंत्री और भारतीय जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष थे। जनसंघ के दूसरे अध्यक्ष पंडित दीनदयाल उपाध्याय 1968 में मुगलसराय स्टेशन पर मृत पाए गए थे। उनकी रहस्यमय हत्या की साधारण जिला स्तरीय जांच हुई। पंजाब के ताकतवर मुख्यमंत्री प्रताप सिंह कैरों की 1965 में रोहतक में हत्या कर दी गई और इसका कारण व्यक्तिगत दुश्मनी बताया गया। तब यह मुद्दा भी उठा था कि अधिनायकवादी तौर पर काम करने वाले कैरों के राजनीतिक शत्रुओं की क्या कमी हो सकती है। फिर नागरवाला हत्याकांड हुआ। नागरवाला ने कथित तौर पर इंदिरा गांधी की आवाज बदलकर स्टेट बैंक से 60 लाख रुपये निकलवाए थे। नागरवाला पकड़े गए और हिरासत में ही संदिग्ध परिस्थितियों में मृत पाए गए और बाद में इस मामले में जांच कर रहे अधिकारी की भी रहस्यमय मृत्यु हो गई। भारत की तीसरी प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी की 31 अक्टूबर 1984 को 09:20 पर उनके सफदरजंग रोड, नई दिल्ली स्थित आवास पर हत्या कर दी गई थी। ऑपरेशन ब्लू स्टार के बाद, अमृतसर में स्वर्ण मंदिर पर भारतीय सेना के जून 1984 के हमले के बाद, उसके दो अंगरक्षकों, सतवंत सिंह और बेअंत सिंह ने उसे मार डाला, जिससे सिख मंदिर को भारी नुकसान हुआ। अगले चार दिनों में, जवाबी हिंसा में हजारों सिख मारे गए।

यदि आप राजनीति का हिस्सा बनने की आकांक्षा रखते हैं तो आपको राजनीति विज्ञान का अध्ययन करना आवश्यक है। आधुनिक दौर में राजनीति अब नौसिखियों की समझ से परे हो रही है। नतीजन राजनीति के मैदान में टिकना अब परंपरागत दिग्गजों तक सीमित रह गया है। शख्सियत का फायदा राजनीति में परंपरागत नजरिये से उचित माना जाता है। बदलावों के दौर में राजनीति करना किसी चुनौती से कम नहीं आंका जा सकता। अब तो राजनीति करने की लालसा, वंशवादिता और संपर्कवादिता तक सीमित रह गयी है। वंशवादिता में राजनीति का कमान मिलना वंशपरंपरा के अधीन रहता है तो दूसरी ओर संपर्कवादिता के जरिए किसी बडे राजनेता के संपर्क में आने से राजनीतिक कमान प्राप्त करने की अभिलाषा पूर्ण हो जाती है। कहावत है कि ÷राजनीति एक गंदा खेल है÷। मौजूदा समय में बड़े कारोबारी, फिल्मकार, खिलाडी, विद्वान सहित पत्रकार एवं नौकरशाह जैसे लोगों की राजनीति में न केवल रुचि बढी है अपितु वे राजनीति की महत्ता को भी समझने लगे हैं। अब राजनीति अपने अछूतपन से बरी हो चुकी है। सकारात्मक नजरिए से देखें तो नौजवानों की आवश्यकता राजनीतिक परिवेश में राष्ट्र निर्माण के लिए जरूरी है बशर्ते वे नौजवान समाज और लोकतंत्र में सच्चे भाव एवं निष्ठा से राजनीति में आए और समाज को सही राह पर ले जाने की क्षमता रखें। प्रतिस्पर्धा पहले की तुलना अधिक बढ़ी है। अब राजनीति करने की लालसा रखने वालों को अपनी क्षमता और कौशल के बलबूते पर ही राजनीति में प्रवेश मिल सकता है। लेकिन नए खिलाडियों के लिए यह सोनाली की तरह जान के खतरों से कम भी नहीं है।

# आधुनिक समाज में नारी सशक्तिकरण और जमीनी हकीकत

केशी गुप्ता
द्वारका
दिल्ली

समय बदल गया है और आज हम आधुनिक समय में जी रहे हैं। जहां नारी सशक्तिकरण को लेकर अनेकों मुद्दे उठाए जाते हैं। परंतु जमीनी हकीकत में आज भी नारी का शोषण देखने को मिल रहा है। आए दिन दिल दहला देने वाले बलात्कार की घटनाएं, नारी की सुरक्षा पर सवाल खड़ा करते हैं। हाल ही में हुई पुणे की एक वारदात जिसमें नारी को अंधविश्वास के चलते खुलेआम जबरदस्ती सार्वजनिक रूप से नहाने के लिए बाध्य किया गया ताकि वह बेटे की मां बन सके । यह वाक्या आज के आधुनिक समाज में उपस्थित अंधविश्वास संकीर्ण सोच और नारी शोषण को दर्शाता है । तथा कथित तथ्यों पर आधारित हाल ही में केरला के माननीय कोर्ट द्वारा सेक्सुअल हरासमेंट के एक केस में नारी को उत्तेजक कपड़े पहनने के लिए उत्तरदाई ठहरा छेड़खानी करने वाले व्यक्ति को दोषी करार नहीं दिया गया । क्या पुरुष का अपने आप और अपनी उत्तेजना पर कंट्रोल ना होना नारी को उत्तरदाई या दोषी बनाता हैं? गुजरात सरकार द्वारा बिलकिस बानो के 11 बलात्कारियों को रिहाई दे दी गई । आखिर एक औरत के गैंगरेप के आरोपियों को किस आधार पर और क्यों रिहाई दी गई? सवाल यह उठता है कि इन सभी किस्सों में नारी सशक्तिकरण कहां दिखाई पड़ता है?



हम किस आधुनिक समाज और आधुनिकता की बात करते हैं? आज भी सभ्य समाज के लोग पुरानी मानसिकता को लेकर नारी को ही दोषी ठहराते हैं । आज की आधुनिक समाज में ऐसे लोग देखने को मिलते हैं जो प्रसव के दिनों में नारी को अशुद्ध मानते हैं। काम करने वाली औरतों के चाल चलन ,चरित्र पर उंगली उठाते नजर आते हैं। सवाल ये उठता है कि जिस देश में दुर्गा, चंडी को पूजा जाता है क्या वहां नारी सशक्तीकरण की जरूरत है?शायद नारी को सशक्तिकरण की जरूरत नहीं बल्कि मान सम्मान की जरूरत है। नारी कुदरत की तरफ से अपने आप में सशक्त है।

शायद हमें आधुनिकता को एक नए नजरिए से समझने की आवश्यकता है। आधुनिकता से अभिप्राय यह कतई नहीं है कि हम केवल बाहरी रूप से अपने खानपान, पहनावे ,बोलचाल में बदलाव लाएं बल्कि अपनी मानसिकता / सोच को बदलने की जरूरत है। वह सोच जो लिंग भेद से ऊपर उठकर समाज के प्रत्येक व्यक्ति के हित में हो। जहां पुरुष हो या नारी दोनों स्वतंत्र रूप से निडर हो जिंदगी जी सकें ।

## उपचुनाव में अमित शाह का प्रचार

कोई दूसरी पार्टी यह सोच भी नहीं सकती है कि एक विधानसभा सीट का उपचुनाव हो तो वहां पार्टी के दो सबसे बड़े नेताओं में से एक नेता प्रचार के लिए जाए। यह काम भाजपा कर सकती है। भाजपा के पूर्व अध्यक्ष और केंद्रीय गृह मंत्री रविवार को तेलंगाना गए और वहां उन्होंने मुनुगोडे विधानसभा क्षेत्र में एक सभा की। इस सभा में कांग्रेस से इस्तीफा देने वाले नेता के राजगोपाल रेड्डी को पार्टी में शामिल कराया गया। वे कांग्रेस के विधायक थे और उनके इस्तीफा देने की वजह से इस सीट पर उपचुनाव होने वाला है। अमित शाह ने ऐलान किया कि मुनुगोडे सीट से राजगोपाल रेड्डी भाजपा के उम्मीदवार होंगे। उन्होंने साथ ही कहा कि अगर रेड्डी जीतते हैं तो अगले साल के चुनाव में भाजपा के विधानसभा चुनाव जीतने का रास्ता साफ होगा। एक विधानसभा सीट पर उपचुनाव से पहले अमित शाह के दौरे से राजनीतिक तापमान बढ़ गया है। सत्तारूढ़ तेलंगाना राष्ट्र समिति के अध्यक्ष और मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने शाह की यात्रा से पहले मुनुगोडे का दौरा किया। उन्होंने प्रचार अभियान की शुरुआत की। राव के लिए यह चुनाव बहुत अहम होने वाला है क्योंकि डुबाका और हुजूराबाद की दो सीटों पर हुए उपचुनाव में भाजपा जीती थी और इससे राजनीतिक माहौल बदलना शुरू हुआ। अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले मुनुगोडे सीट का उपचुनाव हो सकता है कि आखिरी उपचुनाव हो। इसमें जीत हार से अगले साल के चुनाव का माहौल बनेगा। प्रदेश में भाजपा ने कांग्रेस की जगह लेनी शुरू कर दी है। सिर्फ हैदराबाद के इलाके में ओवैसी की पार्टी है और बाकी पूरे प्रदेश में ऐसा लग रहा है कि टीआरएस का मुकाबला भाजपा से होगा।

# जल से ही पृथ्वी पर हमारा अस्तित्व हैं

हेमेन्द्र क्षीरसागर
बालाघाट
मध्यप्रदेश

हमारी पृथ्वी का एक तिहाई हिस्सा जल से घिरा हुआ है। इसके बावजूद भी जगह जगह पर लोग पानी की समस्या से परेशान हैं। कई जगह पानी की पहुंच इतनी ज्यादा है कि लोग उसे आंख मूंदकर बर्बाद करते हैं तो कई जगह प्यास बुझाने के लिए ही पानी नसीब नहीं है। यहीं कारण है कि दुनिया के अधिकांश लोगों को जल संकट का सामना करना पड़ता है। लोगों में पानी के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए ही हरेक वर्ष विश्व जल दिवस के रूप में मनाया जाता है। ताकि लोग पानी की कीमत को समझ सकें। विश्व के हर नागरिक को इसके महत्व से अवगत कराने के लिए ही संयुक्त राष्ट्र ने विश्व जल दिवस मनाने की शुरुआत की थी। विश्व जल दिवस के लिए इस वर्ष का प्रसंग था %वैल्यूइंग वाटर% या पानी का महत्व । यानी लोगों के लिए पानी का क्या मतलब है। यह कितना कीमती है और हम इस महत्वपूर्ण संसाधन की सुरक्षा कैसे कर सकते हैं, ताकि आगे आने वाली पीढ़ियों को भी साफ पानी मिल सके। पानी ही जीवन का आधार है जिससे कोई इंकार नहीं कर सकता है। जिस तरह से अब प्राकृतिक संसाधनों का दोहन हो रहा है उससे साफ है कि भविष्य में संकट और गहरा सकता है। जलवायु परिवर्तन और बढ़ती जनसंख्या तथा जल स्त्रोतों के अत्यधिक दोहन की वजह से भूजल का स्तर लगातार कम होता जा रहा है। ऐसे में जरूरी है कि हम पानी का महत्व को समझे और इसे बर्बाद होने से बचाए।



लिहाजा, पूरे विश्व में साफ पानी का धनी देश ब्राजील को माना जाता है। ब्राजील में 8647 अरब क्यूबिक मीटर पानी उपलब्ध है। विश्व में पानी की उपलब्धता को लेकर भारत का आठवां स्थान है। एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत विश्व के कुल भूजल का 24 फीसदी इस्तेमाल करता है। कई महानगरों में जिस तरह से जल स्तर कम हो रहा है उससे भविष्य में संकट और गहरा हो सकता है। गौर करने वाली बात ये है कि धरती का करीब तीन चौथाई हिस्सा पानी पानी से भरा हुआ है, लेकिन इसमें से सिर्फ तीन फीसदी हिस्सा ही पीने योग्य है। वही इजरायल जैसा अल्प वर्षा वाला देश जल संधारण का सबसे बड़ा उदाहरण है। जिससे सामान्य वर्षा वाले देशों को जल संरक्षण और संवर्धन की सीख लेने की निहायत जरूरत है।

गौरतलब, पृथ्वी का 71 प्रतिशत हिस्सा पानी से ढका पृथ्वी का 71 प्रतिशत भाग जल से घिरा हुआ है, 29 फीसदी भाग पर स्थल है। इस 29 प्रतिशत क्षेत्र पर ही इंसान और दूसरे प्राणी रहते हैं। कुल पानी का लगभग 97 फीसदी पानी समुद्र में पाया जाता है, लेकिन खारा होने के कारण इस पानी को पीने के लिए इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। सिर्फ तीन प्रतिशत पानी ही पीने लायक है, जो ग्लेशियर, नदी, तालाबों में पाया जाता है। इस तीन फीसदी पानी में भी 2.4 फीसदी हिस्सा ग्लेशियरों, दक्षिणी ध्रुवों पर जमा है, जबकि बचा हुआ 0.6 फीसदी पानी नदी, तालाबों, झीलों और कुओं में मौजूद है। जिसका हम उपयोग कर सकते हैं, इसलिए हमें जल को बचाना चाहिए। इसकी एक बूंद बूंद बहुत कीमती है, इसे व्यर्थ नहीं गवाना चाहिए, बल्कि उपलब्ध और बरसाती जल को संजोकर भविष्य के लिए सुरक्षित रखना चाहिए।

वस्तुत: पानी हमारे रोजमर्रा के जीवन के लिए महत्वपूर्ण है और पृथ्वी पर हमारा अस्तित्व ही जल से है। पृथ्वी पर मौजूद कुल पानी का लगभग ढाई प्रतिशत ही मीठा पानी है और बढ़ती जनसँख्या और पानी के व्यर्थ उपयोग के कारण मीठे पानी की कमी अब नजर आने लगी है। जल संकट एक ऐसी स्थिति है जहां किसी क्षेत्र के भीतर उपलब्ध पीने योग्य, अप्रदूषित पानी उस क्षेत्र की मांग से कम हो जाता है। भूजल पृथ्वी पर मीठे पानी का सबसे बड़ा स्रोत है जो हमारे जीवन को समृद्ध करता है। हालांकि, सतह के नीचे संग्रहीत होने के कारण, इसे अक्सर अनदेखा किया जाता है। जैसे-जैसे जलवायु परिवर्तन बदतर होता जाएगा, भूजल अधिक से अधिक महत्वपूर्ण हो जाएगा। हमें इस बहुमूल्य संसाधन को स्थायी रूप से प्रबंधित करने के लिए मिलकर काम करने की आवश्यकता है। सचेत भूजल मेघ से बाहर हो सकता है, लेकिन यह मेधा से बाहर नहीं होना चाहिए। भूजल को प्रदूषण से बचाना चाहिए और लोगों और खुद की जरूरतों को संतुलित करते हुए इसका स्थायी रूप से उपयोग करना चाहिए। तभी जल हमें और हमारे कल को बचाएंगा। आखिर! यह हमारी आने वाली पीढ़ी की अनमोल धरोहर है। इसे सार-संभाल कर रखने की जिम्मेदारी हमें ही मिलकर निभानी होगी। अन्यथा जल बिन सब सुन!

# मोदी-शाह डरते नहीं

सत्य है नरेंद्र मोदी और अमित शाह संघ को हैंडल करना जानते है। चतुर गुजराती व्यापारी की तासीर में मोहन भागवत, नितिन गडकरी जैसे मराठा नेताओं-स्वंयसेवकों को बेखूबी हैंडल कर सकते है। इसलिए इन्हे इस बात की रत्ती भर चिंता नहीं है कि संघ कही नाराज नहीं हो जाए। इसलिए अगले चार-छह महिनों में मोदी-शाह बनाम संघ परिवार में डाल-डाल, पांत-पांत होना है। मैं नहीं मानता कि भाजपा के संगठन को पुरानी संगठनात्मक पटरी पर संघ ला सकेगा। पार्टी उसी दशा में है जैसे एक वक्त वाजपेयी और आडवाणी के वक्त में थी। वाजपेयी ने अपनी सरकार और गांधीवादी-समाजवादी फाउंडेशन के वक्त संघ परिवार और उसके प्रचारकों को हाशिए में डाला था। जैसा अब है वैसे वाजपेयी सरकार के वक्त भी था।वाजपेयी-बृजेश मिश्रा-जसवंतसिंह-प्रमोद महाजन की सत्ता के आगे संघ प्रमुख सुर्दशन, दत्तोपंत ठेगंडी और उनके तमाम संगठन प्रमुख नाक रगडते रहते थे। वैसे ही आडवाणी के एकाधिकार के वक्त मोहन भागवत आदि के लिए वेंकैया-सुषमा-जेतली-अनंत कुमार की चौकड़ी से भाजपा को मुक्त कराना बड़ा मुश्किल था। तब नरेंद्र मोदी ने चुपचाप नागपुर में खेला कर आडवाणी की पकड खत्म कराने के दाव चले थे। गुजरात से नरेंद्र मोदी ने पहले संघ के मदनदास देवी, सुरेश सोनी, भैय्याजी जोशी के मार्फत केंद्रीय संगठन की आडवाणी से मुक्ति का माहौल बनाया। परिणाम था जो वे नितिन गडकरी तब अध्यक्ष बने जिनका लोगों ने नाम भी नहीं सुना था। गडकरी देश में क्लिक होते लगे तो मोदी-जेतली ने दिल्ली के मीडिया और चिदबंरम के वित्त मंत्रालय का उपयोग करके गडकरी को ऐसा बदनाम बनाया कि उन्हे अध्यक्ष पद से इस्तीफा देना पड़ा। राजनाथसिंह का वापिस मौका बना। दोनों सन् 2024 और 2029 की प्रधानमंत्री कुर्सी के मकसद में भाजपा को पूरी तरह अपने कंट्रोल और अपने निजी वफादार लोगों की टीम मे कनवर्ट करते आ रहे है।

-हरिशंकर व्यास-

# तेजस्वी यादव की नई पहल

बिहार के उप-मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने अपने दल के मंत्रियों के लिए एक नई आचार-संहिता जारी की है, जो मेरे हिसाब से अधूरी है लेकिन बेहद सराहनीय है। सराहनीय इसलिए कि हमारे नेता ही देश में भ्रष्टाचार के सबसे बड़े स्त्रोत हैं। यदि उनमें आचरण की थोड़ी-बहुत शुद्धता शुरु होने लगे तो धीरे-धीरे भारतीय राजनीति का शुद्धिकरण काफी हद तक हो सकता है। फिलहाल तेजस्वी ने अपने मंत्रियों से कहा है कि वे बुजुर्गों से अपने पांव छुआना बंद करें। उन्हें खुद नमस्कार करें।

हमारे देश में अपने से बड़ों के पांव छूने की जो परंपरा है, दुनिया के किसी भी देश में नहीं है। जापान में कमर तक झुकने, अफगानिस्तान में गाल पर चुम्मा जमाने और अरब देशों में एक-दूसरे के गालों को छुआने की परंपरा मैंने देखी है लेकिन अपने भारत की इस महान परंपरा को सत्ता, पैसा, हैसियत और स्वार्थ के कारण लोगों ने शीर्षासन करवा रखा है। देश के कई वर्गों के लोगों को मैंने देखा है कि वे अपने से उम्र में काफी बड़े लोगों से अपना पांव छुआने में जरा भी संकोच नहीं करते बल्कि वे इस ताक में रहते हैं कि बुजुर्ग उनके पांव छुएं तो उनके बड़प्पन का सिक्का जमे।

बिहार और उत्तरप्रदेश में तो मंत्रियों, सांसदों और साधुओं के यहां ऐसे दृश्य अक्सर देखने को मिल जाते हैं। तेजस्वी यादव इस कुप्रथा को रूकवा सकें तो उन्हें यह बड़ा नेता बनवा देगी। तेजस्वी ने दूसरी सलाह अपने मंत्रियों को यह दी है कि वे आगंतुकों से उपहार लेना बंद करें। उनकी जगह कलम और किताबें लें। कितनी अच्छी बात है, यह? लेकिन नेता उन किताबों का क्या करेंगे? किताबों से अपने छात्र-काल में दुश्मनी रखने वाले ज्यादातर लोग ही नेता बनते हैं।

तेजस्वी की पहल पर अब वे कुछ पढ़ने-लिखने लगें तो चमत्कार हो जाए। वरना होगा यह कि वे किताबें भी अखबारों की रद्दी के साथ बेच दी जाएंगी। डर यह भी है कि अब मिठाई के डिब्बों की बजाय किताबों के डब्बे मंत्रियों के पास आने लगेंगे और उन डिब्बों में नोट भरे रहेंगे। तेजस्वी ने तीसरी पहल यह की है कि मंत्रियों से कहा है कि वे अपने लिए नई कारें न खरीदवाएं। यह बहुत अच्छी बात है। लेकिन यह काफी नहीं है। तेजस्वी चाहें तो नेताओं के आचरण को आदरणीय और आदर्श भी बनवाने की प्रेरणा दे सकते हैं।

पहला काम तो वे यह करें कि सांसदों और विधायकों की पेंशन खत्म करवाएं। दूसरा, उन्हें सरकारी मकानों में न रहने दें। अब से 50-55 साल पहले वाशिंगटन में मैं 45 डालर महिने के जिस कमरे में रहता था, उसी के पास तीन कमरों में अमेरिका के कांग्रेसमेन और सीनेटर भी किराये पर रहते थे। तेजस्वी खुद बंगला छोड़ें तो बाकी मंत्री भी शर्म के मारे भाग खड़े होंगे।

हमारी राजनीति को यदि भ्रष्टाचार से मुक्त करना है तो हमारे नेताओं को अचार्य कौटिल्य और यूनानी विद्वान प्लेटो के 'दार्शनिक राजाओं' के आचरण से सबक लेना चाहिए। नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री की शपथ ली, तब कहा था कि वे देश के 'प्रधान सेवक' हैं। तेजस्वी इस कथन को ठोस रूप देकर क्यों न दिखाएं? यदि वे ऐसा कर सकें तो पिछड़ा हुआ बिहार भारत-गुरु बन जाएगा।

-वेद प्रताप वैदिक-

## यादों का सैलाब

पुष्पा स्वाती
मुम्बई

पर्त दर पर्त चादर में बिछी ख़ामोशियां हैं
और लिपटी हुयी रिदा में ये तनहाईयां हैं
तेरी यादों का है सैलाब यहां हर शय पे
और उससे ये उभरती हुयी परछाईयां हैं
चांद के साए में बनता बिगड़ता अक्स तेरा
गुनगुनाती तेरी चमकती सी रानाईयां हैं
इन दिनों दिल के घरोंदे में मची हलचल है
गुफ्तगू में तेरी भीगी हुई सरगोशियां हैं
ये खयालो के हंसी पल ये कयासों का सफ़र
और तसव्वुर में बहकती सी वो गुस्ताख़ियां हैं
गुज़रती जा रही शब दुज़दीदा निगाहों से
स्वाती अश्कों में पिघलती हुई पुरवाईयां हैं

## खुद-कलामी

प्रियंका अग्निहोत्री गीत
वाराणसी उत्तरप्रदेश

वसीला अपना नेक-नामी से हो
आना जाना भी धूम-धामी से हो
राब्ता होना न होना और बात है
मिलना-जुलना तो सलामी से हो
कुछ तो भई ख़ूबियाँ दिखी होंगी
नाम अपना क्योंकर ख़ामी से हो
आफ़ताब बन के सफ़र करते हैं
चलना हो तो तेज़-गामी से हो
ज़हन में हर्फ़ गूँजा करते हैं गीत
सुख़न शायद ख़ुद-कलामी से हो

## उजाला

ओमप्रकाश बिन्जवे
राजसागर
भोपाल मध्यप्रदेश

उजाला कम हो तो,यारों नया सूरज उगा लो।
गर रूठा है नाखुदा तुम पतवार सँभालो।
मिले है चार पल खुशियों के,वो भी कम नही,
के गम को बना के अपना,अंजुमन सजा लो।
हर लम्हाँ है नगीना, बेवजह जाया न करो,
जो गया सो गया,जो बचा है उसे तो बचा लो।
आधी खाली है,या के आधी भरी है ये गगरिया,
अपनी अपनी समझ जो मतलब निकालो।
कौन कहता है बचपन कभी लौटता नही,
बनाओ रेत के घरौंदे, कागज की नाव चला लो।

## स्कूल के दोस्तों की पुरानी यादें

नितेश कुमार दिवाकर
बैकुंठपुर
छत्तीसगढ

आओ हम कुछ
पुरानी यादें ताज़ा करतें हैं
भूली बिसरी बातें,
हम तुम साँझा करतें हैं
कितने सुहाने थे हमारे,
वो स्कूल के दिन,
पीठ पर किताबों का
बोझ लिए चला करते थे
स्कूल के गेट से,
स्कूल अंदर घुसते ही,
अजनबी अनजान
चेहरों से हम डरा करते थे
फिर उन अजनबी अनजान चेहरों से,
ना जाने कब हमारी दोस्ती हो गई /
क्लासरूम में बैठते थे
जो अलग-अलग
आज साथ बैठने वाली जोड़ी हो गई
घंटी स्कूल की लंच वाली बजते ही,
एक दूसरे के साथ सब बैठ जाते थे
कभी हम उनकी आलू गोभी की सब्जी,
तो कभी वह हमारी
खट्टी अचार खा जाते थे
हमारे शिक्षकों के द्वारा, वो विषयी
सवाल पूछा जाना,
बहुत याद आता है दोस्तों,जवाब ना
देने पे डंडे से पीटा जाना
तब मोबाइल वाला
साथ जमाना नहीं था,
साथ मिलने बात करने का,कोई
दूसरा बहाना नहीं था
सुबह 10:00 से 4:00 वाली
स्कूल का इंतजार रहता,
दोस्तों से लड़ने झगड़ने का कोई
दूसरा ठिकाना नहीं था
कितने सालों बाद
आज हम फिर से मिले हैं,
दोस्ती के मुस्कुराते हुए
हर एक चेहरे पर खिले हैं
कुछ अपनी सुनाओ आओ कुछ
तुम्हारी भी सुनते हैं,
भूल जाते हैं आज हम पुराने जितने
भी शिकवे गिले हैं
आओ हम कुछ
पुरानी यादें ताजा करते हैं
भूली बिसरी बातें हम तुम दोस्तों
साझा करते हैं

## आलसी बेटा

प्रिया देवांगन
प्रियू
राजिम छत्तीसगढ़

करे नहीं कुछ काम,
रात दिन घूमत रहिथे।
बाढ़े बेटा भार,
ददा दाई हर सहिथे।।
समझाथे हर बार,
बात ला नइ वो माने।
ददा पछीना राज,
आज ले नइ तो जाने।।
आलस देह भराय,
काम हर कइसे होवय।
निकले बेरा हाथ,
माथ ला धर के रोवय।।
बाढ़े अब्बड़ बोझ,
सबो बर गुस्सा आवय।
गरम रहे जब देह,
अबड़ बेटा चिल्लावय।।
बेरा बड़ अनमोल,
जेन येखर सँग जाथे।
पूरा होथे लक्ष्य,
सफलता वो हर पाथे।।
आलस रहिथे दूर,
जिंदगी आगू बढ़थे।
होथे जम्मो काज,
शिखर मा तब्भे चढ़थे।।

## दिल अजनबी से प्यार कैसे करता है

प्रमेशदीप मानिकपुरी
धमतरी
छत्तीसगढ़

दिल अजनबी से प्यार कैसे करता है
दो जिस्म एक जान क्यो कर कहलाते है
दो लोग इस कदर आपस मे खो जाते है
ये दिल कैसे, दिन रात आहे भरता है
दिल अजनबी से प्यार कैसे करता है
पहले पहला ये प्यार है ये मेरा
दिल पर ऐतबार है बस तेरा
प्यार मन मे कैसे पनपता है
दिल अजनबी से प्यार कैसे करता है
मन की बाते तो बस मन मे रही
तेरी खुशबु तो तनबदन मे रही
कैसे कहे मन कितना तड़पता है
दिल अजनबी से प्यार कैसे करता है
जब जब हम तुमसे मिलते है
अरमानो की कलि खिलते है
तुमसे मिलने को हरपल दिल तरसता है
दिल अजनबी से प्यार कैसे करता है
मिलकर तुमसे सुकून अब मिलता है
मन के मधुबन मे फूल सा खिलता है
सुकून के लिए मन कितना तड़पता है
दिल अजनबी से प्यार कैसे करता है

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

CMYK

# सरगुजा पुलिस की आई-मंथन से जुड़कर स्वच्छ और सुरक्षित समाज के निर्माण में युवा देंगे योगदान

- संवाददाता-

**अम्बिकापुर, 24 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।.**
आईजी अजय यादव, एसपी भावना गुप्ता के निर्देशन में आई मंथन को लेकर पुलिस कोआर्डिनेशन सेंटर में सभी स्कूल कॉलेज संचालकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक द्वारा सामुदायिक पुलिसिंग के तहत सार्वजनिक मंच आई- मंथन द्वारा पुलिस मितान का चयन कर सरगुजा पुलिस की विभिन्न सामुदायिक आयोजनों क्रियाकलापों में शहर के युवक-युवतियों को सहभागी बनाकर इनोवेशन, पब्लिक लीडरशिप, पब्लिक सर्विस के गुणों को विकसित करने एवं सरगुजा पुलिस कि सामुदायिक पुलिसिंग का हिस्सा बनने हेतु सभी स्कूल कॉलेजों के संचालकों को दिशा निर्देश दिए गए।



युवक-युवतियों से अपील की गई है कि सरगुजा पुलिस की आई- मंथन से जुड़कर पुलिस मितान की सेवा के माध्यम से स्वच्छ और सुरक्षित समाज के निर्माण में अपना योगदान दे। पुलिस अधीक्षक सरगुजा ने बताया कि 31 अगस्त तक गूगल फॉर्म ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया द्वारा भी पुलिस मितान हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाएंगे। इस दौरान सरगुजा पुलिस के विभिन्न सामुदायिक कार्यक्रम के संबंध में सभी स्कूल कॉलेजों के संचालकों को जानकारी दी गई। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला, नगर पुलिस अधीक्षक अखिलेश कौशिक, यातायात उप पुलिस अधीक्षक इमानुएल लकड़ा, प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक डॉ प्रशांत देवांगन, नवा बिहान कोऑर्डिनेटर अनिल मिश्रा एवं समस्त स्कूल कॉलेजों के संचालक, उप संचालक उपस्थित रहे।



## पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में शहर के दो युवाओं ने जीता मेडल

- संवाददाता-

**अम्बिकापुर, 24 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।.**
अम्बिकापुर के दो युवकों ने पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में सरगुजा का नाम रौशन किया है। पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में जुनियर कैटेगरी में महेंद्र प्रकाश नायक ने गोल्ड मेडल तो वहीं सब जुनियर कैटेगरी में हिमांशु सिंह ने सिल्वर मेडल जीतकर सरगुजा अंचल को गौरवान्वित किया है। जांजगीर चांपा में नेशनल सलेक्शन ट्रायल के लिए पांचवां राज्य स्तरीय पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इस प्रतियोगिता में शहर के जीएस फिटनेस जिम से महेंद्र प्रकाश नायक और हिमांशु सिंह ने पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में भाग लेने गए थे। जहां जुनियर पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में महेंद्र प्रकाश नायक ने 185 किलो वेट पावर लिफ्टिंग कर प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल जीता तो वहीं सब जुनियर पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में हिमांशु सिंह ने 175 किलो वेट पावर लिफ्टिंग कर सिल्वर मेडल जीता है। वहीं दोनों युवा नेशनल लेवल की प्रतियोगिता में भाग लेने की तैयारी में जुटे हुए हैं।

# 5 लाख के ब्राउन शुगर के साथ महिला गिरफ्तार

- संवाददाता-

**अम्बिकापुर, 24 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।.**
सरगुजा पुलिस ने अंबिकापुर प्रतिक्षा बस स्टैंड से 50 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ एक महिला को गिरफ्तार किया है। ब्राउन शुगर का कीमत 5 लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार महिला ब्राउन शुगर झारखंड के गढ़वा से लेकर बस से अंबिकापुर आई थी। महिला आदतन है। वह कई बार एनडीपीएस के मामले में पूर्व में जेल जा चुकी है। पुलिस ने महिला के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। गौरतलब है कि आईजी अजय यादव व एसपी भावना गुप्ता के निर्देश पर जिले में नशा उन्मूलन के तहत विशेष अभियान नवा विहान चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक द्वारा अभियान के तहत नशे पर कड़े नियंत्रण हेतु सभी थाना व चौकी प्रभारियों को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में प्रतिक्षा बस स्टैंड सहायता केन्द्र प्रभारी अभिषेक पांडेय को मुखबिर से जानकारी मिली



की एक महिला बस स्टैंड परिसर में ब्राउन शुगर बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रही है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला एवं नगर पुलिस अधीक्षक अखिलेश कौशक के नेतृत्व में प्रतीक्षा बस स्टैंड सहायता केंद्र प्रभारी टीम के साथ प्रतिक्षा बस स्टैंड पहुंच कर घेराबंदी कर संदिग्ध महिला हिरासत में लेकर तलाशी ली गई। महिला के काले रंग के हैंड बैग से 50 ग्राम ब्राउन शुगर पया गया। जिसे पुलिस ने जब्त कर आरोपी महिला अंबिकापुर के दर्रीपारा निवासी शोभा कुशवाहा उम्र 56 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। जब्त ब्राउन शुगर का कीमत 5 लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी महिला के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। उक्त कार्रवाई में महिला प्रधान आरक्षक विना रानी तिर्की आर रक्षक मंटू गुप्ता, शाहबाज अंसारी, सायबर सेल से अशोक यादव शामिल रहे।

## विसर्जन के दौरान मारपीट व प्रतिमा विखंडित करने वाले सात गिरफ्तार

- संवाददाता-

**अम्बिकापुर, 24 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।**
. अंबिकापुर कोतवाली क्षेत्र में रनपुर में कृष्ण जन्माष्टमी का आयोजन किया गया था। स्थानीय युवाओं द्वारा भगवान कृष्ण की प्रतिमा स्थापीत की गई थी। 22 अगस्त की शाम को प्रतिमा विसर्जन के लिए स्थानीय तालाब में ले जाया जा रहा था। इस दौरान एक विशेष समुदाय के लोगों द्वारा प्रतिमा विसर्जन करने जा रहे लोगों के साथ मारपीट व प्रतिमा विखंडित करने का मामला सामने आया है। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने 9 के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 395, 395 क, 153 क, 149 के तहत एफआईआर दर्ज किया है।



जानकारी के अनुसार शहर से लगे रनपुर में कृष्ण जन्माष्टमी का आयोजन किया गया था। स्थानीय युवाओं द्वारा भगवान कृष्ण की प्रतिमा स्थापीत की गई थी। 22 अगस्त की शाम को गाजे बाजे के साथ स्थानीय लोग प्रतिमा विसर्जन के लिए स्थानीय तालाब में ले जाया जा रहा था। इस दौरान रास्ते में एक समुदाय के लोगों द्वारा प्रतिमा विसर्जन करने जा रहे लोगों के साथ मारपीट व प्रतिमा विखंडित कर दिया गया। इससे तनाव की स्थिति निर्मित हो गई। सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। इस मामले में कोतवाली टीआई भारद्वाज इ्क्षसह द्वार 9 लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है। जिसमें जिसमें 7 लोगों को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया गया है। गिरफ्तार आरोपियों में मो. रेयाल, तुफान अली, मो. सलामुल खान, मो. मोजवीन, मो. हजरत अली, राजा, साहीद के खिलाफ कार्रवाई कर पुलिस ने जेल दाखिल कर दिया है। वहीं दो आरोपी अभी फरार हैं। जिन्हें पुलिस तलाश कर रही है।

# अनिश्चितकालीन हताल पर हैं छत्तीसगढ़ के अधिकारी-कर्मचारी

**2 सूत्रीय मांग को लेकर बैठे है हड़ताल पर,कामकाज हो रहा है प्रभावित**

-ईश्वु प्रसाद यादव-

**जनकपुर , 24 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।**
छत्तीसगढ़ के शासकीय कर्मचारियों ने 22 अगस्त 2022 दिन सोमवार से अपनी 2 सूत्रीय मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दिया है। जनकपुर में यह प्रदर्शन पंचायत भवन प्रांगण में किया जा रहा है जहां लगभग सभी विभाग के कर्मचारी आंदोलन में हिस्सा ले रहे हैं। कर्मचारियों के हड़ताल पर चले जाने से शासकीय कामकाज पूरी तरह प्रभावित हो रहा है।



**क्या है फेडरेशन की मांग**

आपको बता दें की आंदोलन का यह चौथा चरण है। कर्मचारियों ने अपनी मांग छत्तीसगढ़ शासन के पास रखी है। उनकी पहली मांग है कि इन्हें केंद्र सरकार के बराबर 34त्न महंगाई भत्ता दिया जाए और दूसरी मांग सातवें वेतनमान में गृह भाड़ा भत्ता दिया जाये।

### हड़तालियों का क्या है कहना

आंदोलन में सम्मिलित कर्मचारियों का कहना है कि इसके पहले भी कर्मचारियों के द्वारा तीन बार आंदोलन किया गया मगर छत्तीसगढ़ की सरकार ने हमारे साथ छलावा ही किया है जिसके कारण हम यह चौथे चरण का अनिश्चितकालीन आंदोलन करने को मजबूर हुए हैं। आंदोलन कर रहे कर्मचारियों का यह भी कहना है कि हमारे पड़ोसी राज्यों में ही वहां की सरकारें कर्मचारियों को केंद्र सरकार के बराबर 34त्न महंगाई भत्ता दे रही हैं मगर हमारी छत्तीसगढ़ सरकार हमारी बातें नहीं सुन रही है।

### जनप्रतिनिधियों का बढ़ चुका मानदेय

छत्तीसगढ़ के विधायक और मंत्री ताली बजाकर अपना वेतन बढ़ा ले रहे हैं वही हम कर्मचारी इतनी मेहनत करने के बावजूद भी अपने हक की लड़ाई लड़ रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट ने भी अभी फैसला दिया है कि कर्मचारियों का डीए नहीं रुकना चाहिये। वह उनका हक है जो उन्हें मिलना चाहिये। यह आंदोलन तब तक चलता रहेगा जब तक छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के आलाकमान द्वारा निर्देशित नहीं किया जाता। यह आंदोलन बीते 50 वर्षों में सबसे बड़ा आंदोलन है जिसमें 88 संगठनों ने हिस्सा लिया है। यह हड़ताल छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के बैनर तले किया जा रहा है।

## राष्ट्रीय जन सभा पार्टी के जिला अध्यक्ष बने चंद्र प्रकाश साहू

**पीड़ित पक्ष के साथ रहेंगे हमेशा खडा,बनेंगे जनता की आवाज**

**अन्याय के खिलाफ करेंगे आवाज बुलंद,जनता को उनके अधिकारों के प्रति करेगे जागरूक**

-संवाददाता-

**सूरजपुर , 24 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।** राष्ट्रीय जन सभा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष लखु राम टण्डन ने सूरजपुर जिला अध्यक्ष के पद पर चंद्र प्रकाश साहू को नियुक्ति की है। राष्ट्रीय जन सभा पार्टी हमेशा ही शेड्यूल कास्ट पिछड़े, सामाजिक रूप से दबे कुचले लोगो की आवाज बनता ही रहा है। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री ठँडन ने नियुक्त कर उज्वल भविष्य की कामना की है। साथ ही समाज मे फैली कुरूतियो के प्रति जागरूक करने की बातें कही है। वहीं जिला अध्यक्ष बनने पर चंद्र प्रकाश साहू ने कहा कि पार्टी ने मुझे जो जिम्मेदारी दी है। उस ओर पूरी निष्ठा ईमानदारी से कार्य करूंगा।



# पीईकेबी खदान पुनः शुरू कराने सैकड़ों ग्रामीणों ने किया धरना प्रर्दशन

**मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री को लिखा पत्र**

-संवाददाता-

**उदयपुर(साल्ही), 24 अगस्त 2022(घटती-घटना)।**
पिछले सप्ताह से बंद हो चुकी परसा ईस्ट केते बासेन (पीईकेबी) में कार्यरत स्थानीय ग्रामीणों ने बिलासपुर-अंबिकापुर हाईवे के साल्ही मोड़ पर धरना प्रदर्शन को आज तेज कर दिया। ग्राम परसा, साल्ही, घाटबर्रा, फत्तेपुर, इत्यादि ग्रामों के सैकड़ों ग्रामीणों ने एक जुट होकर नौकरी खोने के भय से अपनी आवाज बुलंद कर दी है। उन्होंने खदान पुनः शुरू कराने धरना प्रदर्शन और रैली निकालकर स्थानीय प्रशासन के साथ-साथ जिले के विधायक और प्रदेश के मुखिया से गुहार लगायी है। और पत्र लिखकर मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल और स्थानीय विधायक तथा प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्री टी एस सिंहदेव से उनकी नौकरी को बहाल करने हेतु, खदान शुरू कराने की मांग की है।
ग्राम परसा के दिनेश कुमार यादव, केते के कृष्ण कुमार, साल्हि के अमीर साय, घाटबर्रा की सिंधु यादव ,फत्तेपुर के जगपाल सिंह एवं इनके सैकड़ों साथियों ने पत्र में सामूहिक हस्ताक्षर कर लिखा है, कि सरगुजा जिले के उदयपुर तहसील में स्थित राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (आरआरवीयूएनएल) द्वारा पीईकेबी कोयला खदान का संचालन किया जा रहा है। जिसमें शासन द्वारा उनकी जमीन का अधिग्रहण किया गया है और परियोजना में उन्हें जमीन के बदले



रोजगार उपलब्ध कराया गया है। जिससे वे लोग कोयला खदान में नौकरी कर अपना एवं अपने परिवार का भरण पोषण कर रहे है। वहीं उनका क्षेत्र सुदूर ग्रामीण क्षेत्र होने के कारण कोयला खनन परियोजना में मिलने वाले रोजगार के अलावा और कोई दूसरा विकल्प नहीं है। साथ ही परियोजना के चलने से आस-पास के हजारों लोगों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिला है। यही नहीं कंपनी के द्वारा यहां स्थानीयों की सुविधा के लिए स्वास्थ्य केंद्र, अंग्रेजी माध्यम का सीबीएसई स्कूल, शुद्ध पेयजल तथा एंबुलेंस की सुविधा और सौर ऊर्जा संचालित स्ट्रीट लाइट इत्यादि जैसे कई जनहित के कार्य चलाये जा रहे हैं इसके साथ ही स्थानीय महिलाओं को स्वरोजगार भी उपलब्ध कराया गया है। कोयला खनन परियोजना के आने से यहां पर निवास कर रहे लोगों की आर्थिक एवं सामाजिक स्तर में काफी सुधार हुआ है। उन्होंने स्थानीय मीडिया को बताया कि पिछले कुछ दिनों से कोयला खदान बंद हो गया है जिससे इस खनन परियोजना में कार्यरत सभी लोगों का रोजगार खत्म हो गया है और हमें भय है कि परियोजना के बंद हो जाने से आने वाले दिनों में यहां के हजारों स्थानीय लोग फिर से बेरोजगार हो जाएंगे। जिससे कंपनी द्वारा उपलब्ध कराई गई सभी जनहित की सुविधाएं जैसे अस्पताल, विद्यालय, पेयजल, एंबुलेंस इत्यादि भी बंद हो जाएंगी। इसके अलावा इससे जुड़े लगभग 5000 लोगों का रोजगार समाप्त हो जाएगा तथा हजारों ऐसे लोग जो प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से जड़े है वे भी बेरोजगार हो जाएंगे जिससे इस क्षेत्र का विकास पूर्णतः रुक जाएगा। इन सभी कारणों का जिक्र करते हुए सभी स्थानीयों ने उनके साथ-साथ उनके परिवार बच्चे तथा वृद्धजनों का जीवन फिर से अंधकारमय हो जाने की बात कही।
पत्र और मीडिया के माध्यम से धरने में बैठे सभी ग्रामीणों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री और स्थानीय विधायक से मार्मिक गुहार लगाई है और पीईकेबी कोयला खनन परियोजना को तत्काल चालू करने का आदेश दें की अपील की है। जिससे उन सभी के रोजगार का पुनः बहाली हो सके और उनके परिवार का भरण पोषण पूर्व की भांति चलता रहे।

## छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी के अनिश्चित कालीन हड़ताल के तीसरे दिन दिखा जनसैलाब

**सरकार ने मांगों को लेकर किसी तरह से नहीं दिखाई गंभीरता**



-संवाददाता-

**सूरजपुर , 24 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।**
छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के अनिश्चितकालीन हड़ताल के तीसरे दिन पुराना बस स्टैंड प्रतीक्षालय में अपनी मूल मांग केंद्र के समान 34 प्रतिशत मंहगाई भत्ता देय तिथि से बकाया ऐरियर्स सहित भुगतान करने एवं सातवें वेतनमान के अनुरूप गृह भाड़ा भत्ता प्रदान करने की मांगों को लेकर दिखा जनसैलाब छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय आह्वान पर अपनी दो सूत्रीय मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ सरकार के खिलाफ की जा रही अनिश्चितकालीन हड़ताल को लेकर बुधवार 24 अगस्त को सूरजपुर के कर्मचारियों का जनसैलाब उमड़ा है।
इस मौके पर फेडरेशन के जिला संयोजक अनिल कुमार मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि शासन द्वारा अभी तक हड़ताल को लेकर किसी तरह की भी आश्वासन या टिप्पणी नहीं की गई है। शासन अपने कर्मचारियों की मांगों को लेकर किसी तरह से भी गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं और कर्मचारियों को लगातार अनदेखा कर रहे हैं। इस कारण आज भी आंदोलन के तीसरे दिन हम पूरे जोश से डटे हुए हैं।जिले के समस्त विकासखण्डों में ब्लॉक संयोजकों के नेतृत्व में ब्लाकों में आज बढ़ती उपस्थिति से आंदोलन वृहद रूप की ओर अग्रसर है ।आज के आंदोलन में छत्तीसगढ़ न्यायिक कर्मचारी संघ एवं फेडरेशन से सम्बद्ध समस्त संगठनों के जिलाध्यक्ष तथा पदाधिकारी सचिन त्रिपाठी, मो.सलीम खान, नजीर अहमद खान, सुभास चंद्र पांडे ,संजय प्रसाद सोनी,राजेश कुमार साहू, पुष्पराज सिंह यादव, रमेश राजवाड़े,संदीप गुप्ता, जुगेश्वर प्रसाद, संजय त्रिपाठी, आर. बी. शिवहरे, विजय साहू, ओम कुमार गुप्ता, एस के मिश्रा , शलैश गुप्ता,सत्यप्रकाश पाठक , बाबूलाल चैधरी, सहित हजारों साथी शामिल रहे।






## विधिक सहायता शिविर में दी गई महिलाओं के अधिकार की जानकारी

- संवाददाता-

**अम्बिकापुर, 24 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।.**
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री अमित जिन्दल के निर्देश पर पी.एल.व्ही कु. सलोमी कुजूर ने बुधवार को महिलाओं से संबंधित अधिकार के विषय पर विधिक सहायता शिविर का आयोजन किया। शिविर में उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में महिलाओं को अनेक अधिकार है तथा यदि किसी महिला को दहेज न लाने के आधार पर प्रताड़ित किया जाता है तो यह कृत्य भा.द.स. 1860 की धारा 498-ए के साथ-साथ घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005 की



धारा 3 के तहत घरेलू हिंसा में भी आयेगा तथा घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005 की धारा 3 के तहत घरेलू हिंसा का क्षेत्र अत्यंत व्यापक है जिसमें आर्थिक या भावनात्मक या मानसिक रूप से दुर्व्यवहार भी शामिल है।
महिलाओं द्वारा सम्पत्ति में उनके अधिकार के संबंध में पूछने पर कु0 सलोमी ने बताया कि हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम की धारा 6 के तहत किसी पुत्री को भी अपने पिता की सम्पत्ति में पुत्र की भांति अर्थात अपने भाई की भांति ही वर्तमान में सब अधिकार है। पाकसो अधिनियम 2012 के बारे में बताया कि किसी बच्चे के प्रति किसी प्रकार का लैंगिक कार्य जो प्राकृतिक या अप्राकृतिक हो तो भा0द0स0 1860 के अतिरिक्त पाकसो अधिनियम 2012 के तहत भी कार्यवाही चलेगी तथा उक्त अधिनियम में बालक की सहमति होने से भी आरोपी को कोई बचाव नहीं मिलेगा तथा गुरूत्तर लैंगिक हमला के बारे में अभियुक्त के विरूद्ध उपधारणा की जाएगी तथा उक्त अधिनियम की धारा 30 में अभियुक्त की आपराधिक मानसिक स्थिति की उपधारणा की जाएगी।

CMYK

# बड़े से बड़े होम लोन को आधे समय में चुकाकर करें लाखों रुपये की बचत?

- अगर आपने 50 लाख का होम लोन 20 साल के लिए लिया है तो आप इसे 10 साल में चुका सकते हैं.
- अगर आप 50 लाख का लोन 20 के बजाय 10 साल में चुकाएंगे तो ब्याज के 31 लाख रुपये बचेंगे.
- ब्याज की बचत के लिए आप बैंकों की ओर से दी जाने वाली प्री-पेमेंट की सुविधा का इस्तेमाल करें.

नई दिल्ली, 24 अगस्त 2022। कोरोना महामारी के बाद से ज्यादातर लोग किराये के फ्लैट या मकान के बजाय अपना घर खरीदने को तरजीह दे रहे हैं. हालांकि, मकान-फ्लैट या जमीन खरीदकर मकान बनाने की लागत कभी कम नहीं थी, लेकिन पिछले कुछ साल में सपनों के घर की कीमत आसमान पर पहुंच गई है. ऐसे में अगर किसी को अपना आशियाना बनाना है तो उसे होम लोन का सहारा लेना ही पड़ता है. फिर शुरू होता है लंबे समय तक ईएमआई चुकाने का सिलसिला. ज्यादातर लोग 20 साल या ज्यादा समय तक ईएमआई का भुगतान करते हैं. अगर आपने भी होम लोन लिया है या लेने वाले हैं तो हम आपको बता रहे हैं कि आप 20 साल का लोन 10 साल में चुकाकर ना सिर्फ चिंतामुक्त हो सकते हैं, ब्लकि ब्याज के तौर पर चुकाए जाने वाले लाखों रुपये की बचत भी कर सकते हैं?

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया बढ़ती महंगाई को काबू करने के लिए लगातार नीतिगत दरों में बढ़ोतरी कर रहा है. इस क्रम में आरबीआई ने पिछली तीन बार में रेपो रेट में 1.4 फीसदी की बढ़ोतरी कर 5.4 फीसदी पर पहुंचा दिया है. इससे तमाम तरह के कर्ज के साथ होम लोन भी महंगा हो गया है. महंगाई अभी भी आरबीआई की तय सीमा 6 फीसदी के ऊपर ही चल रही है. केंद्रीय बैंक ने साफ संकेत दे दिए हैं कि रेपो रेट को फिर से बढ़ाया जाएगा. माना जा रहा है कि रिजर्व बैंक साल के आखिर तक रेपो रेट को 6 फीसदी के ऊपर पहुंचा देगा. इससे होम लोन और महंगा हो जाएगा. दूसरे शब्दों में कहें तो आप पर ईएमआई का बोझ अभी बढ़ेगा, जिसके लिए आपको अपने दूसरे खर्चों में कटौती करनी पड़ेगी.



**कैसे कम कर सकते हैं ईएमआई का बोझ और अवधि**

अब सवाल ये उठता है कि होम लोन की ईएमआई के इस बढ़ते हुए बोझ को जल्द से जल्द कैसे खत्म किया जा सकता है इसके लिए कई तरीकों का इस्तेमाल किया जा सकता है. इनमें एक लोन का प्री-पेमेंट है. बैंकों और फाइनेंस कंपनियों की ओर से ग्राहकों को दी जाने वाली इस सुविधा के तहत आप लोन के पुनर्भुगतान की अवधि के बीच कभी भी ईएमआई के अलावा अपनी सुविधा के अनुसार कितनी भी अतिरिक्त राशि जमा कर सकते हैं. ये अतिरिक्त रकम आपके होम लोन के प्रिसिंपल अमाउंट से कट जाती है. इससे आपका प्रिसिंपल अमाउंट कम हो जाएगा. इससे लोन की अवधि कम हो जाती है. साथ ही ब्याज के तौर पर चुकाई जाने वाली भारी-भरकम रकम की बचत भी हो जाती है.

**अपनी सुविधा के मुताबिक दो तरह से करें प्री-पेमेंट**

प्री-पेमेंट के भी दो तरीके हैं. आप अपनी मौजूदा आर्थिक क्षमता के मुताबिक इसका चुनाव कर सकते हैं. पहला, लोन अवधि के दौरान बीच-बीच में एकमुश्त रकम को प्री-पेमेंट के तौर पर लोन अकाउंट में जमा करते रहें. इसके लिए आप कोई अवधि भी तय करते हैं. जैसे, कुछ लोग हर 3 महीने या कुछ लोग हर 6 महीने में प्री-पेमेंट सुविधा का फायदा लेते रहते हैं. दूसरा तरीका है कि आपके पास जब भी किसी माध्यम से बड़ी रकम आए तो उसका एक हिस्सा प्री-पेमेंट के तौर पर चुका दें. इससे आपका आर्थिक बोझ घटेगा, लोन की अवधि कम होगी और ब्याज की मोटी रकम बचेगी.

**प्री-पेमेंट करते समय इस खास बात का रखें ध्यान**

होम लोन का प्री-पेमेंट करते समय एक बात का खास ख्याल रखना जरूरी है कि आपने कर्ज फिक्स्ड रेट पर लिया है या फ्लोटिंग रेट पर. दरअसल, नियमों के मुताबिक बैंक फिक्स्ड रेट होम लोन ग्राहकों से प्री-पेमेंट चार्ज वसूलते हैं. वहीं, फ्लोटिंग रेट पर होम लोन लेने वालों को प्री-पेमेंट चार्ज नहीं चुकाना पड़ता है.

**कैलकुलेशन से समझें प्री-पेमेंट का बड़ा फायदा**

मान लीजिए आपने 50 लाख रुपये का होम लोन 7 फीसदी ब्याज पर 20 साल के लिए लिया है. आपको इसके लिए बैंक को हर महीने 38,765 रुपये की किस्त का भुगतान करना होगा. बतादें कि पहले महीने की किस्त में 9,598 रुपये प्रिंसिपल अमाउंट और 29,167 रुपये ब्याज होगा. महीने दर महीने किस्त में प्रिंसिपल अमाउंट बढ़ता जाता है और ब्याज की रकम कम होती जाती है. ईएमआई में शुरू के कुछ साल ज्यादातर हिस्सा ब्याज में जाता है. अब मान लेते हैं कि आप हर महीने 19,600 रुपये बतौर प्री-पेमेंट जमा करते हैं तो 10 साल में आपका पूरा लोन खत्म हो जाएगा. यही नहीं, इस दौरान आप ब्याज के 30,87,266 रुपये भी बचा लेंगे. इस रकम का इस्तेमाल आप निवेश या किसी दूसरे बड़े काम में कर सकते हैं.

## ट्विटर पर गंभीर आरोप,रेगुलेट एजेंसी को किया गुमराह

नई दिल्ली ,24 अगस्त 2022। ट्विटर ने कुछ महीने पहले ही अपने साइबर सिक्योरिटी चीफ पीटर जाटको को बाहर निकाला था और इस पूर्व अधिकारी के आरोपों के आरोपों के बाद ट्विटर एक बार फिर से चर्चा में आ गया है। ट्विटर के एक पूर्व सुरक्षा प्रमुख ने व्हिसलब्लोलर में शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें माइक्रोब्लॉगिंग साइट् ट्विटर पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। ट्विटर ने अपने साइबर सुरक्षा बचाव और फेक अकाउंट्स के साथ अपनी समस्याओं के बारे में नियामकों को गुमराह किया है। इस साल की शुरुआत में ट्विटर से निकाले गए पीटर जाटको ने पिछले महीने अमेरिकी प्रतिभूति और विनिमय आयोग, संघीय व्यापार आयोग और न्याय विभाग में शिकायत दर्ज की थी। उन्होंने शिकायत में गंभीर आरोप लगाए हैं कि ट्विटर ने एक मजबूत सुरक्षा योजना होने का झूठा दावा करके एफटीसी समझौते की शर्तों का उल्लंघन किया है। जाटको ने बताया है कि स्पैम या फेक अकाउंट से निपटने में धोखे का आरोप लगाया है।

हालांकि जाटको की रिपोर्ट्स सामने आने के बाद ट्विटर के प्रवक्ता ने जाटको को इस साल जनवरी में कमजोर प्रदर्शन के चलते उनसे पद से हटा दिया था। उन्होंने आगे कि ट्विटर और उसकी प्राइवेसी और डाटा सुरक्षा के बारे में एक झूठा नैरेटिव है, जो गलत जानकारियों से भरा हुआ है।

## राधाकिशन दमानी के इस स्टॉक ने बदली निवेशकों की किस्मत, एक साल में पैसा डबल

नई दिल्ली ,24 अगस्त 2022। पिछले एक साल में जिन कुछ स्टॉक ने निवेशकों को तगड़ा रिटर्न दिया है। उसमें राधाकिशन दमानी का स्टॉक भी शामिल है। एस्ट्रा माइक्रोवेव प्रोडक्ट के शेयर का भाव पिछले एक साल के दौरान 157.65 रुपये से बढ़कर 322.65 रुपये के लेवल पर पहुंच गया है। यानी जिन निवेशकों ने एक साल पहले इस स्टॉक पर दांव लगाया होगा उनका पैसा अब डबल हो गया। रूस-यूक्रेन युद्ध की वजह से इस साल शेयर बाजार में काफी उतार और चढ़ाव देखने को मिला है। आइए जानते हैं इस साल एस्ट्रा माइक्रोवेव प्रोडक्ट के शेयरों ने कैसा रिटर्न दिया है? बुधवार (24 अगस्त 2022) को कंपनी के शेयर 2.50 प्रतिशत की उछाल के साथ 52 सप्ताह के उच्चतम 322.65 रुपये के स्तर पर पहुंच गए। हांलाकि इसके बाद कंपनी मुनाफावसूली का शिकार हो गई। और देखते ही देखते कंपनी के शेयर का भाव एनएसई में लुढ़क कर 316.50 रुपये के लेवल पर आ गया। सुबह 11-40 बजे कंपनी के शेयर 323.45 रुपये पर ट्रेड कर रहे थे।



पिछले एक महीने के दौरान कंपनी के शेयर का भाव 245 रुपये से बढ़कर 322.65 रुपये के लेवल पर पहुंच गया है। यानी सिर्फ एक महीने के दौरान कंपनी के शेयरों 30 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। पिछले 6 महीने की बात करें तो एस्ट्रा माइक्रोवेव के शेयरों का भाव 175 रुपये के लेवल से बढ़कर 322 रुपये के लेवल पर आ गया है। यानी इस दौरान कंपनी के शेयरों में 80 प्रतिशत की उछाल देखने को मिली। वहीं, इस साल राधाकिशन दमानी के इस स्टॉक की कीमत में 90 प्रतिशत से अधिक की उछाल आई है। साल 2022 की शुरुआत में कंपनी के शेयर का भाव 233 रुपये से बढ़कर 322.65 रुपये के लेवल पर पहुंच गया है।

## सोना खरीदना हुआ महंगा,गोल्ड 274 रुपये उछला,चांदी हुई 448 रुपये महंगी

- सोने-चांदी की कीमत में लगातार दूसरे दिन तेजी देखने को मिली है.
- आज सोना 274 रुपये और चांदी 448 रुपये ऊपर गई है.
- अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमत डॉलक की कमजोरी के कारण बढ़ रही है.



नई दिल्ली, 24 अगस्त 2022। बुधवार को एक बार फिर सोने और चांदी की कीमतों में तेजी देखने को मिली है. राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 10 ग्राम सोने की कीमत आज 274 रुपये बढ़कर 51,909 पर पहुंच गई. बात करें पिछले कारोबारी सत्र की तो सोना 51,635 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था. वहीं, चांदी की कीमत में भी आज 448 रुपये की बढ़त देखने को मिली. चांदी का दाम आज 55,682 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गया. एचडीएफसी सिक्योरिटीज के सीनियर एनालिस्ट तपन पटेल का कहना है कि यूएस बॉन्ड यील्डस में नरमी और डॉलर में गिरावट से सोने को मजबूती मिली है.

बता दें कि मंगलवार को भी सोने और चांदी की कीमतों में बढ़त देखने को मिली थी. एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने बताया है कि अंतरराष्ट्रीय मार्केट में स्पॉट गोल्ड चढ़कर 1,749 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था. वहीं, चांदी 19.11 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड कर रही थी. इसके अलावा आज घरेलू शेयर मार्केट में काफी उठा-पटक देखने को मिली. हालांकि, बाजार होने तक तेजड़ियों ने अपनी पकड़ मजबूत कर ली. सेंसेक्स आज 54 अंक चढ़कर 59,085 पर और निफ्टी 27 अंक के तेजी के साथ 17,604 पर बंद हुआ. आज डॉलर के मुकाबले रुपये में भी तेजी देखने को मिली।

अब आप एक मिस्ड कॉल से पता लगा सकते हैं सोने का रेट

आपको सोने की कीमत का पता घर बैठे एक मिस्ड कॉल के जरिए लगा सकते है. इसके लिए आपको 8955664433 पर मिस्ड कॉल देना है. इसके बाद आपके फोन पर लेटेस्ट रेट्स का मेसेज आएगा.

**सोने की शुद्धता कैसे करें चेक?**

सरकार ने सोने की शुद्धता चेक करने के लिए एक ऐप बनाया गया है. इसका नाम है'BIS Care app'. इस ऐप के जरिए ग्राहक सोने की शुद्धता की जांच कर सकते हैं. इस ऐप से सोने की शुद्धता की जांच करने के साथ-साथ इससे जुड़ी कोई भी शिकायत दर्ज कर सकते हैं. ऐप में अगर सामान का लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन और हॉलमार्क नंबर गलत पाया जाता है तो ग्राहक इसकी शिकायत तुरंत कर सकते हैं. इस ऐप के जरिए तुरंत ही ग्राहक को शिकायत दर्ज करने की जानकारी भी मिल जाएगी।

## क्या आपको भी है देर रात खाना खाने की आदत,हो सकते है इन बीमारियों का शिकार


देर रात भोजन करना कई लोगों का शौक होता हैं तो कई लोगों की मजबूरी भी होती हैं। कुछ लोग रातभर जागने के बाद खाते हैं तो कुछ देर रात उठकर दोबारा कुछ खाने लग जाते हैं। काम की व्यस्तता के चलते भी कई बार भोजन करने में देरी हो जाती हैं। आपकी यह आदत आपकी सेहत के लिए काफी हानिकारक सिद्ध हो सकती है। जी हां, रात को देर से भोजन करना मतलब सेहत के साथ खिलवाड़ करने जैसा हैं। आज इस कड़ी में हम आपको इससे आपकी सेहत को होने वाले नुकसान के बारे में बताने जा रहे है। ये नुकसान बढ़कर बेहद घातक रूप भी ले सकते है। जरूरी है कि लाइफस्टाइल में बदलाव करते हुए अपनी आदतों को सुधारा जाए। आइये जानते हैं इन नुकसान के बारे में..

**पाचन शक्ति को नुकसान**

अगर आप देर रात को भोजन करते हैं तो इसका असर आपकी पाचन शक्ति पर पड़ता है। इससे आपकी पाचन शक्ति क्षीण होती है और भोजन ठीक से नहीं पचता जिससे कब्ज, पेट साफ न होना, बवासीर एवं कोलोन व आंतों की बीमारियां हो सकती हैं।

**मोटापे की परेशानी**

देर रात खाने खाना हमारे शरीर के मैटाबॉलिज्म पर असल डालता है। देर रात खाना खाने से हमारे मैटाबॉलिज्म की रफ्तार कम हो जाती है। इस कारण हमारे शरीर की फैट बर्न करने वाला सिस्टम भी धीमा पड़ जाता है। नतीजतन हमारा वजन तेजी बढ़ने लगता है और शरीर पर फैट बढ़ने लगती है। इस विषय से संबंधित एक शोध में साबित हुआ है कि जो लोग देर रात खाना खाते है वह अधिक कैलेरिज का सेवन कर लेते है। यह भी एक मुख्य वजह है मोटापे के बढ़ने की। मैटाबोलिज्म बिगड़ने के कारण आप सही से सो भी नही पाते। नींद पूरी न होने के चलते आपको सुबह करते समय भी परेशानी आती है।



**ब्रेन के लिए नुकसानदायक**

देर रात खाना खाना खाना ब्रेन के लिए भी काफी नुकसानदेह साबित हो सकता है। एक रिसर्च के मुताबिक रात को देर से खाना खाते हैं तो इसके कई सारे प्रभाव सामने आ सकते हैं। इससे एकाग्रता और मेमोरी पर भी असर पड़ सकता है।

**एसिडिटी की परेशानी**

यह एक बड़ी समस्या है। इसके कारण आपको अच्छी नींद लेने में काफी परेशानी आती है। देर रात खाना खाने से आपको इसकी शिकायत भी हो सकती है। एसिडिटी होने पर आपकी छाती में जलन होती रहेगी। इस कारण यह होता है कि देर रात खाना खाने के साथ ही सोने के लिए चले जाते है जिससे हमारा खाना अच्छे से पच नही पाता। इसी के चलते सुबह के समय हम बदहजमी जैसी शिकायत पेश आती है।

**हाई ब्लडप्रेशर की समस्या**

देर रात खाना खाने से आपको हाई ब्लड प्रेशर की परेशानी भी हो सकती है। इस की वजह से हार्ट अटैक का खतरा भी पैदा हो जाता है। यह भी एक कारण है कि आपको खाना समय पर करना चाहिए।

**डायबिटीज़ का खतरा**

जैसा कि देर रात खाया जाने वाला भोजन आसानी से डायजेस्ट नहीं हो पाता । इसीलिए, शरीर में कोलेस्ट्रॉल, ट्राईग्लिसराइड्स और इंसुलिन का स्तर बढ़ जाता है। ज़्यादा इंसुलिन और कोलेस्ट्रॉल लेवल से डायबिटीजड का खतरा बढ़ जाता है।


**चिड़चिड़ापन आना**

अनियमित समय पर खाना खाने से आपके स्वभाव में भी अंतर आता है। जैसे की देर रात खाना खाने से आपको नींद देर से आने जैसी मामूली परेशानी हो सकती है। साथ इससे आपका ब्लड प्रैशर भी बढ़ जाता है जिससे आपके स्वभाव में चिड़चिड़ापन आ जाता है जोकि आपके खुद के और आस पास के लोगों के लिए बिल्कुल भी सही नही है।

**हार्ट अटैक का खतरा**

रात में ब्लड प्रेशर का स्तर कम रहना चाहिए। लेकिन, जब कोई देर रात खाना खाता है तो, कोलेस्ट्रॉल का लेवल बढ़ जाता है। इससे, ब्लड प्रेशर लेवल भी प्रभावित होता है।अगर, रात के समय ब्लड प्रेशर ज़्यादा देर या लम्बी अवधि तक हाई रहता है तो, इससे हार्ट अटैक का खतरा बढ़ जाता है।

## इन घरेलू नुस्खों से पूरी करें सुंदर पलकों की चाहत,बनेगी घनी और आकर्षक



चहरे की सुंदरता को बढ़ाने में आंखों का महत्वपूर्ण योगदान हैं और उसके लिए आपकी पलकों का आकर्षक और घना होना जरूरी हैं। महिलाएं मेकअप की मदद से अपनी पलकों को आकर्षक बनाने की कोशिश करती हैं ताकि उनके चहरे को निखार मिल सकें। कई महिलाएं तो नकली पलकों का इस्तेमाल करती हैं। जबकि आप चाहे तो अपनी पलकों को प्राकृतिक रूप से घना और आकर्षक बना सकती हैं। आंखे नैचुरली खुबसूरत हों तो फिर किसी तरह की चीज को इस्तेमाल करने की जरूरत नहीं होती। आज इस कड़ी में हम आपको कुछ ऐसे उपायों की जानकारी देने जा रहे हैं जो पलकों को बिना नुकसान पहुंचाए उन्हें घना और मज़बूत बना सकें। आइये जानते है इन उपायों के बारे में...

**एलोवेरा जेल**

पलकों को घना और सुंदर बनाने के लिए एलोवेरा जेल एक अच्छा घरेलू उपाय हैं, हो सके तो आप एलोवेरा के ताजे जेल को उपयोग में लाएं। पैक किए गए एलोवेरा जेल के उपयोग से बचना चाहिए। सबसे पहले, आप एलोवेरा पत्ता लें और इसे दो हिस्सों में विभाजित करें। अब इसके जेल को इकट्ठा करें। फिर इसके जेल को अपनी पलकों पर लगाएं और 15 मिनट के लिए छोड़ दें। 15 मिनट के बाद, अपनी आँखों को गुनगुने पानी से धो लें।

**अंडे की जर्दी**

पलकों की ग्रोथ के लिए एक अंडे की जर्दी लें और उसमें एक बड़ा चम्मच ग्लिसरीन या बादाम का तेल मिलाएं।अच्छी तरह से मिलाएं और इसे कॉटन स्वैब की मदद से अपनी पलकों पर लगाएं। इसे एक घंटे के लिए छोड़ दें और ठंडे पानी से धो लें। इसे हफ्ते में तीन बार इस्तेमाल करें।

**जैतून का तेल**

पलकों को घना और सुंदर बनाने के लिए जैतून का तेल लगाना भी एक अच्छा उपाय हैं। इसके लिए आपको धैर्य की आवश्यकता हैं। अच्छा परिणाम पाने में एक या एक से अधिक महीने भी लग सकते हैं। तेल लगाने से पहले यह सुनिश्चित कर लें कि आपकी पलकें सूखी तो नहीं हैं। अब, जैतून के तेल की 3 से 5 बूंदों को लें। फिर इसे अपनी पलकों पर लगाएं। इसे रातभर छोड़ दें।



**पेट्रोलियम जेली**

पलकों को घना करने के सबसे आसान और सस्ते तरीकों में से एक है पेट्रोलियम जेली की मालिश करना। इसकी मदद से पलकों की ग्रोथ बढ़ाने के लिए हर रात लगभग दो से तीन मिनट के लिए अपनी आंखों को बंद रखते हुए अपनी पलकों पर पेट्रोलियम जेली की मालिश करें। जेली का मॉइस्चराइजिंग गुण आपकी पलकों को थिक बनाता है।

**कैस्टर ऑयल**

जब बात अपनी पलक को सुंदर बनाने की हो तो कैस्टर ऑयल का चयन बुद्धिमानी से करें। आँखों के भीतर कैस्टर ऑयल लगाने से थोड़ी जलन हो सकती हैं। कैस्टर ऑयल का उपयोग करें जो हेक्सेन-फ्री से मुक्त हैं। सोने से पहले कैस्टर ऑयल की एक लेयर लगाएं। इसे रातभर छोड़ दें। अगली सुबह इसे गर्म पानी से धो लें।

**ग्रीन टी**

ग्रीन टी एंटीऑक्सिडेंट से भरपूर होती है। ग्रीन टी को गर्म पानी में डालकर ठंडा होने दें। अब, इस ठंडी, बिना चीनी वाली ग्रीन टी को कॉटन स्वैब की मदद से अपनी पलकों पर लगाएं। इसे कुछ मिनट के लिए आराम दें और सामान्य पानी से धो लें। यह न केवल नुकसान को रोकेगा, बल्कि आपकी पलकों की फिर से ग्रोथ में मदद करेगा।

**विटामिन ई ऑयल**

इस उपाय को अपनाने से आपकी पलकें घनी, काली और सुंदर दिखेगी लेकिन अपनी आँखों को सुरक्षित रखते हुए इस उपाय को अपनाएँ। सोने जाने से पहले विटामिन ई ऑयल को उंगलियों से लगाएं। 5 से 8 मिनट तक इसे मसाज करें। अब रातभर छोड़ दें। फिर अगली सुबह धो लें।

**कोकोनट मिल्क**

ये पलकों के लिए फ़ायदेमंद है। कोकोनट मिल्क को ठंडा कर लें और फिर इसमें रुई डुबोकर 15 से 20 मिनट के लिए आंखों पर रखें। ये आंखों को ठंडक देने के साथ ही पलकों को घना, मज़बूत बनाएगा। इसके साथ ही यदि आंखों के इर्द-गिर्द काले घेरे हैं, तो यह उनको भी कम करेगा।

**नारियल तेल और लैवेंडर तेल**

अन्य सभी तेलों में से नारियल तेल अच्छा हैं यह बालों एवं त्वचा की समस्याओं को दूर करने के लिए फायदेमंद होता हैं। इन दोनों तेलों का मिश्रण बनाकर लगाने से यह घनी और सुंदर दिखेंगी। इसके लिए सबसे पहले, एक छोटा बाउल लें और उसमें 1 बड़ा चम्मच नारियल तेल और 3 बूंद लैवेंडर तेल को मिलाएं। अब दोनों तेलों को अच्छी तरह मिलाएं। फिर इसे अपनी पलकों पर लगाएं। इसे 30 मिनट तक छोड़ दें। उसके बाद गुनगुने पानी से धो लें।

# 'कोई रियायत या समझौता नहीं': युद्ध के छह महीने पूरे होने पर रूस को यूक्रेन का संदेश

**कीव, 24 अगस्त 2022।** जैसा कि यूक्रेन अपने स्वतंत्रता दिवस के साथ-साथ रूस के साथ युद्ध के छह महीने का प्रतीक है, यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर ज़ेलेंस्की ने बुधवार को कसम खाई कि यूक्रेन रूसी आक्रमण का ÷अंत तक÷ बिना ÷किसी भी÷ के विरोध करेगा। रियायत या समझौता।÷

ज़ेलेंस्की ने बुधवार सुबह एक वीडियो संबोधन में कहा, ÷हमें परवाह नहीं है कि आपके पास कौन सी सेना है, हमें केवल अपनी जमीन की परवाह है। हम इसके लिए अंत तक लड़ेंगे।÷ रूस ने 24 फरवरी की तड़के यूक्रेन पर आक्रमण शुरू किया। ज़ेलसेनकी ने रूस का जिक्र करते हुए कसम खाई कि यूक्रेन ÷आतंकवादियों के साथ समझ बनाने की कोशिश नहीं करेगा। हमारे लिए यूक्रेन पूरा यूक्रेन है,÷ उन्होंने कहा। ÷सभी 25 क्षेत्रों, बिना किसी रियायत या समझौता के,÷ अरब न्यूज ने बताया।

इस बीच, संयुक्त राज्य अमेरिका यूक्रेन के स्वतंत्रता दिवस पर कीव के लिए 3 बिलियन अमरीकी डालर की अतिरिक्त सुरक्षा सहायता की घोषणा करेगा।

कथित तौर पर धन का उपयोग ड्रोन, हथियार और अन्य सैन्य उपकरण हासिल करने के लिए किया जाएगा, लेकिन एक या दो साल की अवधि के लिए युद्ध के मैदान तक नहीं पहुंच सकता है। सैन्य सहायता पैकेज रूस के विशेष सैन्य अभियान के बीच यूक्रेन की मध्यम और दीर्घकालिक रक्षा तैयारी को मजबूत करने की कोशिश करेगा। पैकेज में पश्चिमी वायु रक्षा क्षमताएं और बड़ी मात्रा में गोला-बारूद भी शामिल होगा।

आम तौर पर, स्वतंत्रता दिवस पर समारोह होते हैं, लेकिन इस साल चल रहे युद्ध को देखते हुए, राजधानी कीव में सभाओं पर प्रतिबंध लगा दिया गया है, जहां सुबह हवाई हमले के सायरन बजते थे, और ज़ेलेंस्की ने नागरिकों से ÷रूसी आतंक÷ से सावधान रहने का आग्रह किया। ÷

युद्ध अपने सातवें महीने में प्रवेश कर चुका है और इसका कोई अंत नहीं है। यूक्रेन के स्वतंत्रता दिवस के मौके पर



दुनिया के कई नेताओं ने यूक्रेन की जनता को अपना संदेश दिया.

ब्रिटिश प्रधान मंत्री बोरिस जॉनसन ने बुधवार सुबह एक वीडियो संदेश में कहा, ÷लोग स्टील से लड़ रहे हैं, अपने घरों और अपने परिवारों की रक्षा करने के साहस के साथ, और अपने देश में अपने भाग्य का फैसला करने के अपने अधिकार को संरक्षित करने के लिए।÷

÷हालांकि इसमें कितना समय लगता है, यूनाइटेड किंगडम यूक्रेन के साथ खड़ा होगा और हर संभव सैन्य, आर्थिक और मानवीय सहायता प्रदान करेगा।÷

इसके अलावा, मंगलवार को, जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज़ ने रूस को यूक्रेन के क्षेत्र पर कब्जा करने के आगे के प्रयासों के खिलाफ उसी तरह से चेतावनी दी जैसे उसने 2014 में क्रीमिया प्रायद्वीप में किया था। पोलिश राष्ट्रपति आंद्रेजेज डूडा ने भी किसी भी ÷तुष्टिकरण÷ के खिलाफ सलाह दी, ÷कोई वापसी नहीं है÷ रूस के साथ संबंधों में हमेशा की तरह व्यापार।÷

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन ने यूक्रेन के लिए यूरोपीय संघ का समर्थन ÷दीर्घकालिक÷ जारी रखने की कसम खाई।

इस बीच, दक्षिणी यूक्रेन में ज़ापोरिज़्ज़िया परमाणु संयंत्र की रक्षा कैसे की जाए, इस पर चर्चा जारी रही, रूसी सैनिकों द्वारा कब्जा कर लिया गया और गोलाबारी की धमकी दी गई, जो मास्को कीव पर आरोप लगाता है।

दोनों पक्षों ने ज़ापोरिज्जिया पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की मंगलवार की बैठक में आरोपों का आदान-प्रदान किया, यूक्रेन और उसके सहयोगियों के साथ रूस ने अपने सैनिकों को संयंत्र से बाहर निकालने की मांग की - यूरोप की सबसे बड़ी परमाणु सुविधा - और एक विसैन्यीकृत क्षेत्र के लिए सहमत हैं।

रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने फ्रांसीसी समकक्ष कैथरीन कोलोना के साथ टेलीफोन पर बातचीत में विकिरण दुर्घटना के उच्च जोखिम पर चिंताओं के बीच संयुक्त राष्ट्र परमाणु निगरानी संस्था अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के निरीक्षकों द्वारा संयंत्र की अपेक्षित यात्रा के बारे में बात की।

ह्रश्व के प्रमुख राफेल ग्रॉसी ने भी मंगलवार को एक बयान जारी किया, जिसमें उन्होंने इस बात पर खेद व्यक्त किया कि सप्ताहांत की गोलाबारी ने साइट को और नुकसान पहुंचाया है।

# चीन के बीआरएल पर चेतावनी बांग्लादेश के वित्त मंत्री की वास्तविक स्थिति को नहीं दर्शाती है,मंत्रालय को स्पष्ट करता है

**ढाका [बांग्लादेश], 24 अगस्त 2022।** बांग्लादेश के वित्त मंत्रालय ने चीन के जोखिम-प्रवण निवेश परियोजनाओं पर देश के वित्त मंत्री मुस्तफा कमाल द्वारा की गई हालिया टिप्पणियों पर एक स्पष्टीकरण जारी किया है।



बांग्लादेश के वित्त मंत्रालय द्वारा जारी एक जवाब में प्रवक्ता गाज़ी तौहीदुल इस्लाम ने कहा कि चीन के बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) पर कमल की टिप्पणी उनकी वास्तविक स्थिति को नहीं दर्शाती है। इससे पहले, बांग्लादेश के वित्त मंत्री ने विकासशील देशों को चेतावनी दी थी कि उन्हें बीआरआई के माध्यम से अधिक ऋण लेने के बारे में ÷दो बार सोचना चाहिए÷ क्योंकि वैश्विक मुद्रास्फीति और धीमी वृद्धि ने ऋणग्रस्त उभरते बाजारों पर दबाव डाला।

फाइनेंशियल टाइम्स के साथ एक साक्षात्कार में, कमल ने यह भी कहा कि चीन को ÷अपने ऋणों के मूल्यांकन में और अधिक कठोर होने की आवश्यकता है, इस चिंता के बीच कि खराब ऋण निर्णयों ने देशों को ऋण संकट में धकेल दिया।÷

साक्षात्कार के बाद, वित्त मंत्रालय के प्रवक्ता इस्लाम ने एक प्रत्युत्तर लिखकर कहा कि वित्त मंत्री ने अपने साक्षात्कार में यह स्पष्ट किया है कि किसी भी देश में किसी भी परियोजना को वित्तपोषित किया जा सकता है यदि यह आर्थिक रूप से व्यवहार्य साबित हो।

उन्होंने जोर देकर कहा कि अगर यह संभव नहीं है तो बांग्लादेश कभी भी किसी भी प्राधिकरण से वित्त नहीं लेगा। प्रत्युत्तर के ऑपरेटिव भाग में कहा गया है कि मंत्री ÷किसी भी तरह से चीनी ऋण के बारे में चेतावनी नहीं दे रहे थे÷।

बांग्लादेश लाइव न्यूज के अनुसार, साक्षात्कार के दौरान बांग्लादेश को अपनी स्थिति स्पष्ट करने के तथ्य से पता चलता है कि ढाका नहीं चाहता था कि चीन या कोई अन्य देश राजनयिक संकेतों को गलत तरीके से पढ़े।

# ताशकंद में एससीओ रक्षा मंत्रियों की बैठक में शामिल हुए राजनाथ सिंह

**ताशकंद [उजबेकिस्तान], 24 अगस्त 2022।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बुधवार को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्य देशों के रक्षा मंत्रियों की वार्षिक बैठक में शामिल हुए।

एससीओ सदस्य देशों के बीच रक्षा सहयोग के मुद्दे उन मुद्दों में शामिल थे जिन पर बैठक के दौरान चर्चा की गई थी। एक संयुक्त विज्ञप्ति बाद में जारी होने की उम्मीद है। सिंह का भी अपने समकक्षों को संबोधित करने का कार्यक्रम है। रक्षा मंत्री कार्यालय ने शीर्ष नेताओं की एक तस्वीर के साथ ट्वीट किया, ÷रक्षा मंत्री श्री @rajnathsingh ताशकंद, उज्बेकिस्तान में एससीओ की बैठक में एससीओ सदस्य देशों के रक्षा मंत्रियों के साथ।÷ राजनाथ सिंह 23 अगस्त को तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर ताशकंद, उज्बेकिस्तान पहुंचे। अपनी व्यस्तताओं के पहले दिन, राजनाथ सिंह ने अपने उज़्बेक समकक्ष लेफ्टिनेंट जनरल बखोदिर कुर्बानोव के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं; कजाकिस्तान के रक्षा मंत्री कर्नल जनरल झाकसिलीकोव रुस्लान झाक्सलीकोव और बेलारूसी रक्षा मंत्री लेफ्टिनेंट जनरल विक्टर खेनिन। बैठकों के दौरान तीनों देशों के साथ रक्षा सहयोग के पूरे स्पेक्ट्रम की समीक्षा की गई, जिसमें पारस्परिक रूप से लाभप्रद सहयोग के विस्तार के अवसरों की पहचान करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। आपसी हित के मुद्दों पर भी चर्चा हुई।




ताशकंद प्रवास के दौरान राजनाथ सिंह दिवंगत प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे और उज्बेकिस्तान में प्रवासी भारतीयों से मुलाकात करेंगे। पिछले महीने विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने एससीओ विदेश मंत्रियों की परिषद की बैठक में भाग लेने के लिए उज्बेकिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री व्लादिमीर नोरोव के निमंत्रण पर 2022 को ताशकंद का दौरा किया था। भारत के अलावा, चीन, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, पाकिस्तान, रूस, ताजिकिस्तान और उजबेकिस्तान के विदेश मंत्रियों ने भी भाग लिया। बैठक में 15-16 सितंबर को समरकंद में होने वाले राष्ट्राध्यक्षों के आगामी एससीओ शिखर सम्मेलन की तैयारियों पर चर्चा हुई और अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर बातचीत हुई। विदेश मंत्री ने एससीओ एफएमएम के इतर कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान और उजबेकिस्तान के समकक्षों और एससीओ के महासचिव के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी कीं।

# यूरोप में पाक राजनयिक पर यौन उत्पीड़न का आरोप

**इस्लामाबाद , 24 अगस्त 2022।** स्थानीय मीडिया के अनुसार, एक वरिष्ठ पाकिस्तानी राजनयिक और स्पेन के बार्सिलोना शहर में पाकिस्तान के महावाणिज्यदूत को यौन उत्पीड़न के आरोप में बर्खास्त कर दिया गया है। पाकिस्तानी प्रकाशन द नेशन के मुताबिक, इस महीने की शुरुआत में वाणिज्य दूतावास के एक स्थानीय कर्मचारी ने मिर्जा सलमान बेग के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी।

सूत्रों का हवाला देते हुए, द नेशन ने 11 अगस्त को बताया कि कर्मचारी का नाम, जिसका खुलासा नहीं किया जा रहा है, ने मैड्रिड में पाकिस्तान के राजदूत शुजात राठौर के पास शिकायत दर्ज कराई, जिन्होंने बाद में मामले को आगे की जांच के लिए इस्लामाबाद में विदेश कार्यालय को भेज दिया।



प्रकाशन के अनुसार, विदेश मंत्रालय ने मामले की जांच के लिए दो सदस्यीय टीम बार्सिलोना और मैड्रिड भेजी। उन्होंने जांच पूरी की, जिसके आधार पर विदेश कार्यालय ने अधिकारी को उनके पद से हटा दिया और उन्हें इस्लामाबाद स्थित मुख्यालय वापस बुला लिया.

प्रकाशन के अनुसार, शिकायतकर्ता ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि महाधिवक्ता उसे सोशल मीडिया के माध्यम से संदेश भेजते थे, जो उसने दावा किया कि उत्पीड़न था।

इस बीच, पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने सिंध में भीषण बाढ़ के कारण सोमवार को अपनी यूरोप यात्रा रद्द कर दी है। उनकी यूरोपीय यात्रा जर्मनी, डेनमार्क, स्वीडन और नॉर्वे के साथ संबंधों को मजबूत करने के लिए थी।

द एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने बताया कि बिलावल को पद संभालने के बाद से यूरोपीय संघ के देशों के अपने पहले दौरे के पहले चरण में सोमवार को जर्मनी के लिए उड़ान भरने का कार्यक्रम था। प्रकाशन के अनुसार, पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के एक सूत्र ने कहा कि उसी यात्रा कार्यक्रम के साथ एक संशोधित कार्यक्रम जल्द ही घोषित किया जाएगा।

द एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, यात्रा को स्थगित करने का निर्णय सिंध के दो और जिलों को ÷आपदा प्रभावित÷ घोषित किए जाने के एक दिन बाद आया है, जिसमें विनाशकारी बारिश और बाढ़ के बाद कुल 13 हो गए हैं।

# थाई संवैधानिक न्यायालय ने अस्थायी रूप से प्रधान मंत्री प्रयुथ को निलंबित कर दिया

**बैंकॉक , 24 अगस्त 2022।** थाईलैंड के संवैधानिक न्यायालय ने प्रधान मंत्री प्रयुथ चान-ओचा को तब तक निलंबित कर दिया है जब तक कि वह विपक्षी दलों द्वारा दायर एक याचिका पर शासन नहीं कर लेता, जापान के निक्केई एशिया ने बुधवार को सूचना दी।



यह तब आता है जब अदालत ने प्रधान मंत्री प्रयुत चान-ओचा के कार्यालय की अधिकतम अवधि की समाप्ति पर थाई विपक्ष की याचिका को स्वीकार कर लिया।

नौ में से पांच जजों ने प्रधानमंत्री के निलंबन के पक्ष में मतदान किया. विपक्ष ने सोमवार को कोर्ट में याचिका दायर की।

रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रयुथ ने पहली बार 2014 में सैन्य तख्तापलट के बाद खुद को प्रधान मंत्री पद से सम्मानित किया था। थाईलैंड के सैन्य-मसौदे संविधान को 2017 में एक जनमत संग्रह के बाद प्रख्यापित किया गया था, जो प्रधानमंत्रियों को कुल मिलाकर आठ साल तक कार्यालय में सीमित करता है।

विपक्ष का तर्क है कि प्रधान के रूप में प्रयुथ के वर्षों की शुरुआत अगस्त 2014 में हुई, जब उन्हें राजा भूमिबोल अदुल्यादेज द्वारा हस्ताक्षरित शाही समर्थन प्राप्त हुआ।

इस बीच, सत्तारूढ़ दल का तर्क है कि प्रयुथ का कार्यकाल 2019 में शुरू हुआ था, जब वह नवीनतम संविधान के तहत पहले आम चुनाव के बाद प्रीमियर के लिए चुने गए थे।

# थाईलैंड की अदालत ने प्रधानमंत्री को पद से किया सस्पेंड

**बैंकॉक ,24 अगस्त 2022।** थाईलैंड की एक अदालत ने प्रधानमंत्री प्रयुथ चान-ओ-चा को पद से निलंबित कर दिया। साथ ही पीएम के आठ साल के कार्यकाल की अवधि की समीक्षा का फैसला भी किया। विपक्षी दलों द्वारा एक मामला सामने लाने के बाद आया है कि 2014 में एक सैन्य तख्तापलट में सत्ता पर कब्जा करने वाले प्रयुथ ने बतौर प्रधानमंत्री अपना कार्यकाल पूरा किया था। थाईलैंड के संविधान में प्रधानमंत्री का कार्यालय आठ साल का होता है। 2019 में सैन्य सरकार निर्देशित चुनाव के तहत प्रयुथ दोबारा प्रधानमंत्री चुने गए। उत्तराधिकार की कैबिनेट लाइन के अनुसार, उप प्रधानमंत्री प्रवित वोंगसुवान, जो एक पूर्व सेना प्रमुख भी हैं।

# यातना को अपराध बनाएं:अधिकार समूह ने पाकिस्तान से किया आग्रह

**न्यू यॉर्क, 24 अगस्त 2022।** ह्यूमन राइट्स वॉच (एचआरडब्ल्यू) ने कहा कि पाकिस्तान की सीनेट को तत्काल एक विधेयक पारित करना चाहिए जो यातना को एक आपराधिक अपराध बना देगा । 1 अगस्त, 2022 को, नेशनल असेंबली ने टॉर्चर एंड कस्टोडियल डेथ (रोकथाम और सजा) अधिनियम पारित किया, जो अगर कानून में लागू होता है, तो पहली बार पाकिस्तान के सुरक्षा बलों द्वारा यातना को अपराध माना जाएगा। बिल को स्थायी समिति के पास भेज दिया गया है और इसे अगले सीनेट सत्र में बाद में अगस्त



में माना जा सकता है। जबकि पाकिस्तान का संविधान

÷सबूत निकालने के लिए÷ यातना के उपयोग को प्रतिबंधित करता है, कोई भी घरेलू कानून यातना को एक आपराधिक अपराध नहीं बनाता है। पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संधियों का एक पक्ष है जो इस प्रथा को अपराधीकरण करने के लिए संधि के लिए यातना और अन्य दुर्व्यवहार और जनादेश पार्टियों के उपयोग पर रोक लगाता है। ह्यूमन राइट्स वॉच के एशिया एडवोकेसी डायरेक्टर जॉन सिफ्टन ने कहा, ÷ पाकिस्तान की स्थानिक यातना

समस्या को समाप्त करने के लिए पहला कदम इसे अपराधी बनाना है । ÷ ÷यातना के मामलों में न्याय और जवाबदेही तभी संभव होगी जब संसद यातना विधेयक पारित करे और सरकार यातना के आरोपों की पारदर्शी और निष्पक्ष जांच करके कानून लागू करे।÷

# वादा करें कि यूके आजीवन दोस्त रहेगा: यूक्रेन के स्वतंत्रता दिवस पर ऋषि सनक

**कीव , 24 अगस्त 2022।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री आशावादी ऋषि सनक ने बुधवार को यूक्रेन के स्वतंत्रता दिवस पर एक पत्र लिखा, जिसमें रूसी ÷आक्रामकता÷ का सामना करने और यूनाइटेड किंगडम के लोगों से समर्थन का वादा करने में देश के दृढ़ साहस की प्रशंसा की गई। क्योंकि देश में युद्ध जारी है।

कीव पोस्ट में प्रकाशित एक पत्र में, ऋषि ने कहा कि वह एक आजीवन मित्र रहेंगे और यूक्रेन को एक समृद्ध, महत्वाकांक्षी और दूरंदेशी देश के रूप में पुनर्निर्माण में मदद करेंगे। ÷आक्रामकता के लिए खड़े होने में आपके दृढ़ साहस ने दुनिया भर के शांतिपूर्ण और स्वतंत्रता-प्रेमी लोगों को आशा दी है, और निरंकुशों को एक स्पष्ट संदेश भेजता है कि उनके पक्ष में कितनी भी बाधाएं क्यों न हों, वे कभी भी प्रबल नहीं होंगे,÷ उन्होंने कहा। कहा।

उन्होंने कहा, ÷हमारे देश में यहां जो भी बदलाव आए, हम ब्रितानी हमेशा आपके सबसे मजबूत सहयोगी बने रहेंगे।÷



सनक ने यूक्रेन के बहादुर लड़ाकों का समर्थन करते रहने की कसम खाई और कहा कि ब्रिटेन आपको दवा और भोजन तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए मानवीय सहायता प्रदान करता रहेगा।

÷इतिहास में आपका स्थान स्वतंत्रता की किरण के रूप में सुनिश्चित है। इसलिए, हमें न केवल पुतिन को हराना चाहिए, बल्कि हमें पहले से कहीं अधिक मजबूत, अधिक समृद्ध यूक्रेन के साथ अपने लोगों को फिर से चोट पहुंचाने से रोकने में भी सफल होना चाहिए।÷ उन्होंने कहा। यूक्रेन के स्वतंत्रता दिवस पर, राष्ट्रपति वलोडिमिर ज़ेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन युद्धविराम के संबंध में रूस के साथ बातचीत के लिए तैयार नहीं है, क्योंकि वह मिन्स्क समझौतों के नकारात्मक अनुभव को दोहराना नहीं चाहता है।

कीव में क्रीमिया मंच के दूसरे शिखर सम्मेलन के बाद एक संवाददाता सम्मेलन में, उन्होंने कहा, ÷हमने समझाया कि कोई मिन्स्क -3, मिन्स्क -5 या मिन्स्क -7 नहीं होगा। हम ये खेल नहीं खेलेंगे, हमने हिस्सा खो दिया है हमारे प्रदेशों का इस तरह से। और हर कोई इसे अच्छी तरह से समझता है, सभी ने इसे हमसे सुना है। क्योंकि यह एक जाल है। हम इसे समझते हैं।÷

# पीटीआई प्रमुख इमरान खान आज हरिपुर शहर में रैली को संबोधित करेंगे

**इस्लामाबाद , 24 अगस्त 2022।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष इमरान खान आज खैबर पख्तूनख्वा के हरिपुर शहर में जनसभा को संबोधित करेंगे।

एआरवाई न्यूज ने सूत्रों के हवाले से बताया कि जनसभा की तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है और इमरान खान और पार्टी के अन्य नेताओं के लिए एक बड़ा मंच तैयार किया गया है। इससे पहले, पूर्व प्रधान मंत्री ने जल्द से जल्द आम चुनावों की घोषणा के लिए सत्तारूढ़ गठबंधन पर दबाव बनाने के लिए 17 सार्वजनिक सभाओं को आयोजित करने की घोषणा की।

पीटीआई द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार इमरान खान 26 अगस्त को कराची में एक रैली को संबोधित करेंगे. क्रमशः 31 अगस्त।

इसके अलावा, पीटीआई सरगोधा और गुजरात में क्रमशः 1 सितंबर और 2 सितंबर को बड़े पैमाने पर जनसभाएं करेगी, एआरवाई न्यूज की रिपोर्ट।

इस बीच, पीटीआई नेता फवाद चौधरी ने दावा किया कि शाहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली आयातित सरकार को 10 सितंबर तक उखाड़ फेंका जाएगा।

द न्यूज इंटरनेशनल की रिपोर्ट के अनुसार, इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के बाहर पत्रकारों से बात करते हुए, पूर्व संघीय मंत्री ने कहा कि रावलपिंडी में इमरान खान की पहली रैली के बाद से आयातित



शासक हिल गए थे और उनके खिलाफ आतंकवाद की एक फर्जी प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

उन्होंने समझाया कि इमरान खान ने कहा कि आईजी, डीआईजी और मजिस्ट्रेट के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी, जबकि राणा सनाउल्लाह, अताउल्लाह तरार और अन्य पीएमएलएन लोगों ने प्रशासन को खुलेआम धमकी दी लेकिन उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई. उन्होंने आगे बताया कि पाकिस्तान के इतिहास में सबसे बड़ा सेंसरशिप ऑपरेशन कुछ मीडिया समूहों के एकाधिकार को स्थापित करने के लिए मीडिया के खिलाफ शुरू किया गया था। वहीं पीटीआई के वाइस चेयरमैन शाह महमूद कुरैशी ने कहा कि अगर इमरान खान की राह में रोड़ा बनता है तो पीटीआई इससे कानूनी तरीके से लड़ेगी।

द न्यूज इंटरनेशनल की रिपोर्ट के अनुसार, कुरैशी ने दावा किया कि सरकार ने राजनीतिक भ्रम और इमरान खान की बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए प्राथमिकी दर्ज की थी और यह सब देश में दहशत पैदा करने के लिए किया गया था।

उन्होंने बताया कि पाकिस्तान के हर शहर में लोगों ने अपना शांतिपूर्ण विरोध दर्ज कराया था। कुरैशी ने कहा कि इस्लामाबाद उच्च न्यायालय में पेश होने के बाद, उन्होंने सुरक्षात्मक जमानत के लिए आवेदन किया था और डबल बेंच ने गुरुवार तक इमरान खान की सुरक्षात्मक जमानत स्वीकार कर ली।

# आखिर ऐसा क्या हो गया है कि निर्वाचित जनप्रतिनिधियों व जनपद सीईओ बैकुंठपुर का तालमेल नहीं बैठ पा रहा है?

- » जनपद सीईओ की शिकायत लेकर निर्वाचित जनप्रतिनिधि पहुंचे प्रभारी मंत्री के पास।
- » जनपद सीईओ की शिकायत करने पहुंचे जनप्रतिनिधियों के साथ ठेकेदार क्या करने पहुंचे?
- » क्या प्रभारी मंत्री को शिकायत मिलते ही तीन सालों बाद मिलेंगे 11 वें सीईओ?
- » जनपद पंचायत अध्यक्ष-उपाध्यक्ष सहित सरपंच संघ ने बैकुंठपुर सीइओ को अन्यत्र हटाने प्रभारी मंत्री ताम्रध्वज साहू को शिकायत सौंपी है।
- » जनपद सीईओ बिना मूल्यांकन निर्माण कार्यों के भुगतान को सहमत नहीं हो रहे यही वजह है विरोध की,सूत्र।
- » ईमानदार छवि के डिप्टी कलेक्टर बैकुंठपुर जनपद पंचायत के हैं सीईओ।

-रवि सिंह-
**बैकुण्ठपुर 24 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।**

जनपद पंचायत अध्यक्ष-उपाध्यक्ष सहित सरपंच संघ ने बैकुंठपुर सीईओ को अन्यत्र हटाने प्रभारी मंत्री ताम्रध्वज साहू को शिकायत सौंपी है। प्रभारी मंत्री शिकायत को गंभीरता से लेंगे तो तीन साल छह महीने में बैकुंठपुर जनपद से 11 वें सीईओ का तबादला होना तय है, प्रभारी मंत्री से जनप्रतिनिधियों द्वारा शिकायत करना तो समझ में आता है पर जनप्रतिनिधियों के बीच में कुछ ठेकेदार भी शामिल दिखे आखिर उनकी क्या शिकायत थी यह बड़ा प्रश्न है?

जनपद पंचायत के जनप्रतिनिधियों ने इससे पहले भी कई जगह शिकायत की है। जनप्रतिनिधियों का कहना है कि वे सीईओ के अड़ियल रवैये से परेशान हैं। इससे पहले विधायक, सम्भागायुक्त, कलक्टर से शिकायत कर चुके हैं जनप्रतिनिधि, बावजूद जनपद सीईओ पर किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की गई है। जनप्रतिनिधियों का आरोप है कि हम किसी भी समस्या को लेकर उनके पास जाते हैं तो वे कहते हैं मैं डिप्टी कलेक्टर हूं, मेरे पास बात करने के लिए समय नहीं है। सरपंच संघ का आरोप है कि पंचायत स्तर पर जो भी विकास कार्य कराया जाता है, उसमें भी सीईओ द्वारा भारी भरकम कमिशन की मांग किया जाता है, कमिशन नहीं देने पर निर्माण एजेंसियों का काम रोक कर बेवजह परेशान किया जाता है। सरपंच संघ ने शिकायत में बताया कि सरपंचों से गलत बर्ताव एवं दुर्व्यवहार भी किया जाता है। जनपद पंचायत की दुकानों की जगहों को भी मनमानी बढ़ोत्तरी करवा दिया गया है, जिससे जनपद पंचायत को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है, जिसे लेकर प्रभारी मंत्री से शिकायत करने पहुंचे जनप्रतिनिधियों के साथ पंचायत स्तर के ठेकेदारों को भी जनप्रतिनिधियों के साथ देखा गया और यह भी कयास लगाया गया की जनपद सीईओ के कारण ठेकेदारों की भी पंचायतों में इंट्री बंद है और यह भी एक वजह शिकायतों की है, इस दौरान जनपद अध्यक्ष सौभाग्यवती सिंह कुसरो, उपाध्यक्ष आशा महेश साहू, जनपद सदस्य प्रमिला सिंह, चांदनी सोनी, रामा शंकर, रामचन्द्र राजवाड़े, दिनेश चेरवा, पारस राजवाड़े, सरपंच संघ से लाल सिंह, शिवमंगल सिंह, पिताम्बर सिंह, तुलेश्वर सिंह, प्रताप सिंह आदि शामिल थे।




### जनप्रतिनिधियों की सहमति नहीं होने की बात

पूरे मामले में सरपंच संघ एवम जनप्रतिनिधियों ने जनपद सीईओ पर जनपद पंचायत के सामने की दुकानों का आकार बढ़ाने का भी आरोप लगाया है, जिसमें जनप्रतिनिधियों की सहमति नहीं होने की बात सामने आ रही है, जबकि पूरे मामले में जनप्रतिनिधियों की राय ली गई है यह भी बताया जा रहा है, कुल मिलाकर यदि देखा जाए तो सीईओ को जनपद के व पंचायत के जनप्रतिनिधियों की बातें सुननी चाहिए।

### दूसरा पक्ष का माने तो जनपद सीईओ को ईमानदार छवि का बताता है

वहीं पूरे मामले में एक दूसरा पक्ष भी सामने आया है जो जनपद सीईओ को ईमानदार छवि का बताता है और जैसा कि बताया जा रहा है कि जनपद सीईओ निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और उसकि पूर्णता को लेकर गंभीर हैं और वह बिना कार्य पूर्ण हुए या गुणवत्ताविहीन कार्यों के भुगतान को लेकर तैयार नहीं होते हैं और यही वजह है जिसके कारण उनका विरोध हो रहा है। वहीं यह भी कहा जा सकता है कि यदि जनप्रतिनिधियों द्वारा सीईओ से गलत कार्यों पर सहमति के लिए दबाव बनाया जा रहा है तो तब यह विरोध गलत है, वैसे बैकुंठपुर जनपद पंचायत का सीईओ पद प्रशिक्षु डिप्टी कलेक्टर के लिए आरक्षित पद है और यही वजह है कि यहां सीईओ का बारबार बदल जाने का दौर आम बात है, अब प्रभारी मंत्री शिकायतों पर क्या निर्णय लेते हैं, क्या जनपद सीईओ को बदलते हैं या नहीं बदलते हैं यह तो सामने समझ मे आएगा ही लेकिन पूरे मामले की जांच की जानी चाहिए क्योंकि कई पंचायतों में निर्माण कार्य पूर्ण किये बगैर राशि आहरण कर लिए जाने की बात भी सामने आती रहती है और यदि जनपद सीईओ उसपर लगाम लगा रहें हैं तो उन्हें गलत नहीं ठहराया जा सकता है।

### वर्तमान सीइओ तीन महीने से कार्यरत हैं इन्हें भी हटाने की कवायद शुरू

जनपद पंचायत बैकुंठपुर में राजनीति हावी होने के कारण साढ़े तीन साल में 10 जनपद सीइओ बदल दिए गए हैं, वहीं 11 वां सीइओ का तबादला करवाने दांव पेंच की रणनीति बनी है, बैकुंठपुर में 8 जनवरी 2019 से 2 मई 2022 तक कुल 10 जनपद सीइओ कार्य कर चुके हैं। यानी महज तीन साल छह महीने में 10 जनपद सीइओ बदल दिए गए। वहीं 2 मई 2022 से 11 वां सीइओ कार्यरत हैं। जिससे महज तीन महीने कार्य कराने के बाद अन्यत्र तबादला कराने प्रभारी मंत्री तक शिकायत पहुंची है। जनपद बैकुंठपुर राजनीति का अखाड़ा जैसा है और जनपद में कामकाज पटरी पर नहीं लौट पा रहा है, कई ग्राम पंचायतों में मिली वित्तीय अनियमितता की शिकायतों की जांच लंबित है, गौरतलब है कि जिला गठन के 24 साल में जनपद पंचायत बैकुंठपुर में कुल 27 सीइओ कार्य कर चुके हैं। लेकिन 21 साल में 17 सीइओ बदले गए हैं। जिसमें महज साढ़े तीन साल में 10 सीइओ बदल चुके हैं। वहीं 11 वां जनपद सीइओ का अन्यत्र तबादला कराने दांव-पेंच शुरू कर दिया गया है।

## रेत के लिए धड़ल्ले से चीर रहे नदी का सीना,विभाग मौन

-राजा मुखर्जी-
**कोरबा, 24 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।**



जिले में अभी कुछ ही दिन हुई झमाझम बारिश ने रेत चोरों के लिए रास्ता खोल दिया है। जिससे रेत चोरों की सक्रियता बढ़ गई है। पर्यावरणीय कारणों से एनजीटी द्वारा बरसात के चार महीने 15 अक्टूबर तक रेत खनन पर प्रतिबंध लगाया गया है। शासन द्वारा भी इस संबंध में निर्देश जारी किए गए , लेकिन कोरबा जिले के अनेक क्षेत्रों में इस प्रतिबंध का कोई असर नजर नहीं दिख रहा। अमले की कमी से जूझ रहे खनिज विभाग की जहां इस मामले में नाकामी दिख रहीं है, वहीं जिले में रेत व अन्य खनिजों की चोरी, अवैध खनन व परिवहन पर रोक लगाने का खनिज विभाग का जिम्मा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इसके लिए कलेक्टर और एसपी को कार्यवाही की जिम्मेदारी दी है ,लेकिन माइनिंग और पुलिस दोनों फिलहाल रेत चोरों पर सख्त नहीं है। आलम यह है कि प्रतिबंध के बाद भी दिनदहाड़े रेत की चोरी जारी है। यह नजारा कटघोरा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कसनिया में अहिरन नदी में देखने को मिला , जहां ट्रेक्टर को नदी में उतारकर दिनदहाड़े रेत की चोरी की जा रही है। पुलिस और उसका मुखबिर तंत्र के अलावा खनिज विभाग का स्थानीय मैदानी अमला या तो नतमस्तक है या फिर खबर होकर भी बेखबर है। सुबह से शाम तक दर्जनों ट्रैक्टर रेत अहिरन नदी से खोदकर निकाली जा रही है और मुख्य सड़क से परिवहन भी हो रहा है, लेकिन यह कैसे संभव कि पुलिस व खनिज विभाग के मैदानी अमला की नजरों से चूक कर दर्जनों ट्रैक्टर पार हो जाएं ! स्थानीय पंचायत व जनप्रतिनिधियों की भी भूमिका रेत की चोरी रोकने अथवा धरपकड़ के मामले में फिलहाल नगण्य दिख रहा है। बता दें कि मुख्यमंत्री ने रेत के अवैध खनन के बढ़ते मामलों में सख्ती दिखाते हुए कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक के द्वारा इस पर प्रभावी कार्यवाही कर नियंत्रण के निर्देश पूर्व में जारी किए हैं। निर्देश के बाद पुलिस विभाग के द्वारा ट्रैक्टरों को पकड़ा जाता रहा और राजस्व विभाग से तहसीलदार, नायब तहसीलदार सड़क पर उतरकर रात-रात में भी कार्यवाही करते नजर आते रहे, लेकिन एकाएक यह सब कार्यवाही बंद कर दी गई , जिसका पूरा फायदा रेत चोर उठा रहे हैं। रेत का अवैध खनन व परिवहन रोकने के मामले में मुख्यमंत्री के निर्देश की अवहेलना दिख रही है। वैसे सम्बंधित अधिकारी को इस मामले से अवगत कराने व कार्यवाही के लिए संपर्क किया गया किन्तु संपर्क नहीं हो सका न ही किसी तरह का रिस्पांस आया । ऐसे में समझा जा सकता है कि, आदेश का पालन खनिज विभाग द्वारा किस हद तक किया जा रहा ?

## सायबर सेल के सहयोग से गुम हुए 130 नग मोबाइल किए गए वापस,मोबाइल मालिकों के चेहरों पर लौटी खुशियां

-संवाददाता-
**कोरबा, 24 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।**



पुलिस अधीक्षक कोरबा संतोष सिंह द्वारा पुलिस अधीक्षक सभागार में गुम हुए मोबाइल मालिकों को बुलाकर कुल 130 नग मोबाइल लौटाया गया, लौटाए गए मोबाइल की कीमत करीब 20 लाख रुपए है । मोबाइल वापस पाने की आस खो चुके मोबाइल मालिकों को मोबाइल वापस मिलने पर काफी खुश हुए ,जिन्होंने पुलिस अधीक्षक सहित सभी अधिकारी कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया द्ध पुलिस अधीक्षक के रूप में कोरबा जिले में पदस्थापना के पश्चात संतोष सिंह द्वारा गुम हुए मोबाइलों के खोजबीन में तेजी लाने के निर्देश दिए गए थे । पुलिस अधीक्षक से प्राप्त निर्देश के अनुपालन में सायबर सेल के नोडल अधिकारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के मार्गदर्शन में सायबर सेल प्रभारी उपनिरीक्षक कृष्णा साहू एवं अन्य स्टाफ के द्वारा गुम हुए मोबाइलों की खोज प्रारंभ की गई । लगभग 1 महीने के कठिन परिश्रम से कुल 130 नग मोबाइल रिकवर करने में सफलता मिली । उक्त मोबाइल छ.ग. राज्य के अलग-अलग जिलों के साथ साथ ओडिशा , मध्य प्रदेश , राजस्थान , तमिलनाडु , कर्नाटक से खोजे गए हैं । लौटाए गए मोबाइल की अनुमानित कीमत करीब 20 लाख रुपए है। उल्लेखनीय है कि सायबर सेल द्वारा गुम हुए मोबाइल की लगातार खोज कर मोबाइल मालिकों को वापस किए जाने का अभियान चलाया जाता रहा है । इसके पूर्व भी लगभग 400 मोबाइल खोज कर मोबाइल मालिकों को वापस किए जा चुके हैं ।

घटती-घटना खबर का असर

## नगर पालिका प्रशासन साफ करवाया कुएं को

**कुएं में मूर्तियों के पड़े थे अवशेष,खबर के बाद सारे वशेषों को निकाल कर हुई सफाई**

घटती घटना खबर का असर


कुएं की रिटर्निंग वाल गिरने से बड़ी दुर्घटना होने का अंदेशा

-रवि सिंह-
**बैकुण्ठपुर 24 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।**

बैकुंठपुर नगर पालिका द्वारा मूर्ति विसर्जन को लेकर वैकल्पिक व्यवस्था झुमका बांध के बगल में स्थित कुएं में बनाई गई थी जिसमें पिछले वर्ष में जितने भी मूर्ति विसर्जन किए गए सारे के अवशेष पड़े हुए थे जिसे हटाया नहीं गया था, जिस खबर को घटतीघटना ने 24 अगस्त को बड़ी प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया जिसके बाद नगर पालिका बैकुंठपुर द्वारा कुएं में पड़े मूर्तियों के अवशेष को निकलवा कर कुएं को इस बार मूर्ति विसर्जन के लिए तैयार किया, खबर का असर नींद से जागा नगर पालिका प्रशासन बैकुंठपुर साल भर बाद झुमका विसर्जन कुंड की सफाई शुरू।

ज्ञात हो की बैकुंठपुर के झुमका बांध में स्थित कुआं जिसने मूर्ति का विसर्जन किया जाता है उसकी रिटर्निंग बॉल आधी से ज्यादा गिर चुकी है उसके किनारे की मिट्टी भी धीरे धीरे धंस रही हैं जिससे किसी भी तरह की बड़ी अनहोनी होने की आशंका है, आपको बता दे की यह वही कुआं है जहां है दुर्गा पूजा, गणेश पूजा, कृष्ण पूजा, विश्वकर्मा पूजा के बाद मूर्ति का विसर्जन किया जाता है, पूर्व में बाजार पर स्थित तालाब में मूर्ति का विसर्जन किया जाता था, परंतु कुछ वर्षों से प्रशासन द्वारा बाजारपारा तलाब में मूर्ति विसर्जन ना करवा कर झुमका के बगल में स्थित कुएं में मूर्ति का विसर्जन कराया जा रहा है, लगभग 3-4 वर्षों से उस स्थान पर मूर्ति का विसर्जन किया जा रहा है, आज तक उस स्थान पर सुविधाओं का अभाव है, आपको बता दें कि ओड़गी नाका आकर के बाद झुमका बांध जाने की रोड कटती है के बाद वहां की सड़क सिंगल रोड है ना तो वहां किसी भी तरह की लाइट है ना विद्युत का खंबा है उसके बाद जिला प्रशासन एव नगर पालिका प्रशासन द्वारा मूर्ति का विसर्जन कराया जाता है साथ ही जिस में मूर्ति का विसर्जन किया जाता है वह कुआं दीवार काफी जर्जर हो चुकी है आसपास की मिट्टी भी धस रही है। जैसे कि आप सभी जानते हैं कि त्योहारों का समय शुरू हो चुका है श्री कृष्ण जी की पूजा प्रारंभ है इसके बाद गणेश पूजा दुर्गा पूजा विश्कर्मा पूजा भी होनी है सारी मूर्तियों के विसर्जन उसी कुएं में होना है पर आज दिनांक तक उस स्थान पर उस कुएं की सुध लेने वाला कोई नहीं है।



## तंबाकू पदार्थ बेच रहे 13 दुकानदारों पर की गयी कार्यवाही

-संवाददाता-
**कोरबा, 24 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।**

जिले में पुलिस द्वारा चलाए जा रहे निजात अभियान के तहत शहर में कोतवाली पुलिस व स्वास्थ्य विभाग ने संयुक्त रूप से कार्रवाई की। इस दौरान सिटी कोतवाली टीआई राजीव श्रीवास्तव के साथ स्वास्थ्य विभाग से डॉ. मानसी जायसवाल और डॉ. नरेंद्र जायसवाल ने कोटपा एक्ट की अनदेखी करते हुए तंबाकू पदार्थ बेचने पर 16 दुकानदारों को पकड़ा। इसमें 3 को चेतावनी देकर छोड़ा, जबकि 13 दुकानदारों के खिलाफ जुर्माना लगाते हुए 62 सौ रुपए वसूला गया। टीआई श्रीवास्तव के मुताबिक कोटपा एक्ट के तहत सार्वजनिक स्थान में धूम्रपान प्रतिबंध है। साथ ही सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पादों के विज्ञापन पर रोक है। नाबालिकों और शैक्षणिक संस्थानों के आसपास सिगरेट या अन्य तंबाकू उत्पादों की ब्रिकी पर प्रतिबंध है। बिना विशिष्ट स्वास्थ्य चेतावनी वाले तंबाकू पदार्थ नहीं बेचा जा सकता। इसलिए इन नियमों को नहीं मानने वाले दुकानदारों पर कार्रवाई की गई है। साथ ही दुकानदारों को जरूरी निर्देश देते हुए तंबाकू उत्पाद बेचने पर प्रतिबंधित वाले पोस्टर को चस्पा किया गया है।

## दीपका पुलिस ने डीजल चोरों पर की कार्यवाही

**1 बोलेरो एवं 1 कैम्पर वाहन के साथ 140 लीटर डीजल जब्त**

-संवाददाता-
**कोरबा, 24 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।**



पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह द्वारा क्षेत्र में डीजल, कबाड़, मोटर सायकल चोरों के विरूध्द सख्त कार्यवाही के संबंध में दिये गये निर्देशों के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक दर्री सुश्री लितेश सिंह÷ के दिशा निर्देश पर दीपका थाना प्रभारी निरीक्षक अनिल पटेल द्वारा डीजल चोरों के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु पुलिस टीम बनाया गया था कि आज पेट्रोलिंग ड्यूटी दौरान मुखबिर से सूचना मिला कि बोलेरो वाहन क्रमांक सीजी 12 क्त्न 0879 एवं सफेद कलर बोलेरो कैम्पर क्रमांक सीजी 12 क्त्न 4219 के चालकों द्वारा दीपका खदान में खड़ी गाड़ियों से डीजल चोरी कर श्रमिक चौक की ओर जा रहा है कि सूचना पर तत्काल घेराबंदी कर उक्त दोनों वाहनों के चालक को पकड़ा गया जिनसे पूछताछ करने पर अपना नाम फूलेश्वर कश्यप पिता रामायण प्रसाद उम्र 31 साल निवासी बम्हनी कोना चौकी हरदी बाजार थाना कुसमुण्डा जिला कोरबा (छ.ग.) तथा प्रवीण कुमार पिता शिव सिंह मरावी उम्र 20 साल निवासी बांधाखार थाना पाली जिला कोरबा (छ.ग.) का होना बताया। आरोपी से पूछताछ दौरान दीपका खदान से खड़ी गाड़ियों से डीजल चोरी करना स्वीकार किया आरोपियों के कब्जे से 04 नग जरिकेन में भरा 140 लीटर डीजल कीमत लगभग 13300/ रूपये तथा उक्त वाहनों को आरोपी के कब्जे से जब्त कर कब्जा पुलिस लिया गया तथा धारा 41 (1-4) जा.फौ./379, 34 भादवि की कार्यवाही कर आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है ।

## चट्टीडांड़ स्कूल में हुआ फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन

-संवाददाता-
**सूरजपुर , 24 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।**

आजादी के अमृत महोत्सव के परिप्रेक्ष्य में छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा 20 से 30 अगस्त तक समुदाय को शाला से जोड़ते हुए बच्चों और समुदाय में देशभक्ति की भावना जागृत करने के उद्देश्य से प्रदेश के सभी स्कूलों में हमर तिरंगा कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया गया है । इस कार्यक्रम के तहत् शासकीय प्राथमिक शाला चट्टीडांड़ जयनगर में विविध कार्यक्रम चल रहे हैं। इसी कड़ी में बुधवार को चट्टीडांड़ स्कूल में नन्हें - मुन्ने बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें बच्चे देश भक्ति के रंग में नजर आये। नौनिहालों की वेशभूषा बिल्कुल क्रांतिकारियों के रंग में रंगी दिखाई दे रही थी। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी मौलिक प्रतिभा से लोगों को रूबरू कराया। चट्टीडांड़ स्कूल के कक्षा पहली से पाँचवी तक के विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में बढ़-चढ़ कर भाग लिया। इस अवसर पर प्रभारी प्रधान पाठक विनिता सिंह ने फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का थीम स्वतंत्रता सेनानियों को समर्पित करते हुए वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। देशभक्ति से भरे जज़्बे के साथ कक्षा दूसरी से इशिका ने भारतमाता, ऋषभ ने महात्मा गांधी,कक्षा तीसरी से दिव्या ने वीरांगना झांसी की रानी लक्ष्मीबाई,अलका ने वीरांगना रानी दुर्गावती,कक्षा पाँचवीं से आयुष ने डॉ.भीमराव अम्बेडकर, अमित ने महात्मा गांधी तथा निकिता ने क्रांतिकारी का वेश धर वीर सेनानियों को याद कर उनकी वेश-भूषा में सुसज्जित होकर फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया । इसके साथ ही कक्षा पहली से रूद्र ने श्रीकृष्ण, कक्षा तीसरी से भूमि ने राधा, कक्षा तीसरी से परी ने शिक्षिका तथा शीतल और सानिया ने भी शिक्षिका का वेश धर प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। बच्चों ने अलग-अलग किरदार में शानदार परफॉरमेंस दिया। सभी बच्चे आत्मविश्वास और देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत दिखे। जहाँ झांसी की रानी लक्ष्मीबाई बनी दिव्या के तेवरों को देख पूरा विद्यालय परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा,दिव्या के परफॉरमेंस ने सभी के मन में देशभक्ति के जज्बातों को एक बार फिर जगा दिया। वहीं दूसरी ओर नन्हें बालक रूद्र के श्रीकृष्ण रूप ने सभी का मन मोह लिया। सभी प्रतिभागी बच्चों ने अपनी प्रतिभा का जबरदस्त परिचय दिया। निर्णायकों के सामने नन्हें बच्चों के आत्मविश्वास से भरे प्रस्तुति ने सभी का दिल जीत लिया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट से बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया। प्रतियोगिता में दिव्या और रूद्र प्रथम, ऋषभ और अलका द्वितीय व इसिका तृतीय स्थान प्राप्त किया। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता के पश्चात् हमर तिरंगा कार्यक्रम के तहत विद्यालय परिसर से लेकर पूरे गाँव में देशभक्ति नारों के साथ रैली भी निकाली गई।




**न्यायालय नायब तहसीलदार अम्बिकापुर-2 जिला सरगुजा (छ0ग0)**

रा0प्र0क्रं0-201906021700017 /40/अ-27/2018-19

**अंतिम फर्द बंटवारा ईश्तहार प्रकाशन**

आवेदक कुंवर साय पिता चेन्दू उर्फ रामसेवक, निवासी ग्राम भकुरा, तहसील अम्बिकापुर जिला-सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम भकुरा स्थित खसरा नंबर 64/3, 83/1, 175/3, 176/1, 181, 183/1, 193/3, 289, 290/3, 290/4, 291/1,295/1, 296/3, 298/2, 334/1, 468/3, 1016, 1545/3, 1657/1, 1666/1 कुल खसरा नंबर 20 कुल रकबा 4.107 हे0 भूमि का आवेदक और अनावेदकगण नान्हू राम पिता चेन्दू उर्फ रामसेवाल वगैरह, निवासी ग्राम भकुरा तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के मध्य खाता विभाजन हेतु हल्का पटवारी द्वारा प्रस्तुत फर्द बंटवारा सूची एवं फर्द नक्शा का अंतिम प्रकाशन किया जा रहा है।

अतः उक्त फर्द बंटवारा में किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 26/08/2022 दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 22/07/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन पदमुद्रा से जारी।

सील — नायब तहसीलदार अम्बिकापुर-2

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0)**

रा0प्र0क्रं0-/ब-121/2021-22

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक चांदीराम अग्रवाल आ0 स्व0 राजेन्द्र प्रसाद व अन्य निवासी गुरूद्वारा रोड विश्रामपुर तहसील व जिला सूरजपुर छ0ग0 के द्वारा अपने स्वामित्व एवं अधिपत्य की व्यपवर्तित भूमि ग्राम गंगापुरखुर्द स्थित खसरा नंबर 171/26 रकबा 0.017 हे0 भूमि को अनावेदक प्रमोद कुमार सिन्हा पिता राजेन्द्र प्रसाद निवासी सत्तीपारा अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के पास अंकन राशि रूपये 10,50,000/- में बिक्री करने का सौदा तय कर बिक्री अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय सरगुजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है,जो जांच एवं प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 09.09.2022 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिषाक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 08/08/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

सील — तहसीलदार अम्बिकापुर, सरगुजा

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी(रा), वाड्रफनगर जिला-बलरामपुर,रामानुजगंज (छ0ग0)**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता नगर पंचायत वाड्रफ नगर तहसील वाड्रफ नगर जिला बलरामपुर-रामानुजगंज(छ0ग0) को ईश्तहार के जरिए सूचित किया जाता है कि आवेदिका कमला देवी आ0 स्व0 इन्द्रमोल जाति कोईर निवासी नगर पंचायत वाड्रफ नगर तहसील वाड्रफ नगर जिला बलरामपुर-रामानुजगंज के द्वारा नगर पंचायत वाड्रफनगर तहसील वाड्रफ नगर जिला बलरामपुर-रामानुजगंज स्थित अपने अधिपत्य एवं स्वामित्व की भूमि ख0नं0 225/1 रकबा 1.25 हे0 भूमि में से 0.08 हे0 भूमि को व्यवसायिक प्रयोजनार्थ व्यपवर्तित कराने हेतु छ0ग0 भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 172 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में किसी को शिकायत हो तो लिखित आवेदन दिनांक 12/09/2022 प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20/08/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी एवं उद्घोषित।

सील — अनुविभागीय अधिकारी(रा) वाड्रफनगर जिला बलरामपुर-रा0गंज

# अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट सुब्रतो कप की दो साल के बाद वापसी,6सितंबर से शुरू होंगी प्रतियोगिताएं

**नई दिल्ली ,24 अगस्त 2022।** सुब्रतो कप के 61वें संस्करण का आयोजन 2 साल के बाद होने जा रहा है। कोरोना के चलते इस प्रतियोगिता का आयोजन नहीं हो पाया था। सुब्रतो मुखर्जी स्पोर्टस एजुकेशन सोसाइटी एवं एयर फोर्स द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किये जाने वाले इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता की आज घोषणा की गयी जो कि 6 सितंबर से 13 अक्टूबर के बीच हर बार की तरह नई दिल्ली में खेला जाएगा। सुब्रतो मुखर्जी स्पोर्टस एजुकेशन सोसायटी के जनरल सेक्रेटरी एवं विंग कमांडर यशवंत सिंह पंघल ने कहा कि 'मुझे ये बताते हुए काफी खुशी हो रही है कि सुब्रतो कप का आयोजन हम फिर से कर पा रहे हैं। जिसका उद्देशय भारत में ज़मीनी स्तर पर फुटबाल को प्रमोट करना है। सितंबर में इस प्रतियोगिता का आयोजन होने करने जा रहे हैं।'

सुब्रतो कप का आयोजन 3 कैटेगरी में किया जाएगा। सब जूनियर बॉयज़ (अंडर-14) जिसकी शुरूआत 6 सितंबर को होगी और 15 सितंबर को इसका फाइनल खेला जाएगा। जूनियर गर्ल्स (अंडर-17) जो 19 सितंबर से शुरू हो कर 28 सितम्बर तक खेला जाएगा। वहीँ जूनियर बॉयज़ (अंडर -17) केटेगरी की शुरुआत 3 अक्टूबर को होगी जिसका फाइनल 22 अक्टूबर को होगा और इसी दिन सुब्रतो कप का समापन समारोह भी निर्धारित है। सुब्रतो कप के उद्घाटन समारोह और फाइनल का सीधा प्रसारण डीडी स्पोर्टस पर होगा। वहीं इस प्रतियोगिता के विजेता,उपविजेताओं को विभीन्न आयु वर्ग में कुल 23 लाख की धन राशि दी जाएगी। अन्य धन राशि वाले पुरस्कार जैसे फेयर प्ले, बेस्ट प्लेयर, बेस्ट गोलकीपर, बेस्ट कोच एवं बेस्ट स्कूल हैं।

75 खिलाड़ियों को मिलेगी छात्रवृत्ति

सुब्रतो कप में कई महानतम फुटबाल खिलाड़ियों का एक पैनल तीनों श्रेणियों से 25 सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को स्कालरशिप के लिए चुनेगा। जूनियर बॉयज़ केटेगरी एवं जूनियर गर्ल्स केटेगरी से चुने गए 25-25 बच्चों को 25 हज़ार की छत्रवृत्ति जबकि सब-जूनियर्स बॉयज़ श्रेणी से टॉप 25 बच्चों को 15 हज़ार की स्कॉलर्शिप प्रदान की जाएगी।

भविष्य के कई भारतीय फुटबॉलरों के लिए पहला कदम




अतीत और वर्तमान के कई प्रमुख भारतीय फुटबॉल खिलाड़ी जिन्होंने देश को सम्मानित किया है वह सुब्रतो कप रैंक के माध्यम से राष्ट्रीय टीम में गए थे। श्याम थापा और बाईचुंग भूटिया जैसे दिग्गजों के साथ-साथ रॉबिन सिंह, ब्रूनो कॉटिन्हो, परिमल डे, विक्टर अमल राज, हरजिंदर सिंह, वीपी सत्यन, श्यामल बनर्जी, उत्तम राय और जैकी चंद सिंह जैसे खिलाड़ी कुछ ऐसे नाम हैं जिन्होंने अपने स्कूल के समय में सुब्रतो कप खेला है। अंतर्राष्ट्रीय दिग्गज, रिवाल्डो, रॉबर्टो कार्लोस (दोनों 2016 में) और उनमें से सबसे महान, पेले (2015) जैसे अंतर्राष्ट्रीय दिग्गजों ने भी इस टूर्नामेंट के पिछले संस्करणों में गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में टूर्नामेंट की शोभा बढ़ाई है। सुब्रतो कप 2022 इस साल चार अलग-अलग स्थानों में आयोजित किया जाएगा। डॉ बीआर अंबेडकर स्टेडियम (दिल्ली गेट), तेजस फुटबॉल ग्राउंड (रेस कोर्स), सुब्रतो पार्क और जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में सभी मैच खेले जाएंगे। अपने-अपने राज्यों का प्रतिनिधित्व करने वाली लगभग 85 विभिन्न स्कूल टीमें, एशिया के इस सबसे महत्वपूर्ण इंटर स्कूल प्रतियोगिता में भाग लेंगी। बांग्लादेश के एक स्कूल ने भी प्रतियोगिता में भाग लेने की पुष्टि की है।

समारोह

प्रेस कांफ्रेंस और कर्टेन रेज़र 1 सितंबर 2022

उद्घाटन समारोह 6 सितंबर 2022

फाइनल सब-जूनियर बॉयज (अंडर-14) 15 सितंबर 2022

फाइनल जूनियर गर्ल्स (अंडर-17) 28 सितंबर 2022

समापन समारोह और फाइनल जूनियर बॉयज (अंडर-17) 13 अक्टूबर 2022

डायमंड जुबली (60वां) संस्करण के विजेता और उपविजेता

सब जूनियर बॉयज (अंडर-14)

विजेता सैदान सेकेंडरी स्कूल, मिजोरम

उपविजेता यूनिक मॉडल अकादमी, मणिपुर

जूनियर गर्ल्स (अंडर-17)

विजेता बांग्लादेश क्रीडा शिक्षा प्रतिष्ठान, बांग्लादेश (बीकेएसपी)

उपविजेता- नीलमणि इंग्लिश स्कूल, मणिपुर

जूनियर बॉयज (अंडर-17)

विजेता- होपवेल एलियास हायर सेकेंडरी स्कूल, मेघालय

उपविजेता- बांग्लादेश क्रीड़ा शिक्षा प्रोटीशटन, बांग्लादेश (बीकेएसपी)

# मणिपुर में हर वर्ष मणिपुर ओलंपिक खेल आयोजित किये जायेंगे : बीरेन

**इम्फाल ,24 अगस्त 2022।** मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने घोषणा की कि इस साल से राज्य में हर वर्ष मणिपुर ओलंपिक खेल आयोजित किए जाएंगे।

श्री सिंह ने यहां मुख्यमंत्री सचिवालय में दूसरे मणिपुर ओलंपिक खेलों की आयोजन समिति की बैठक के दौरान यह घोषणा की।

मणिपुर ओलंपिक संघ (एमओए) द्वारा आयोजित खेलों का दूसरा संस्करण 26 से 30 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा जिसमें मणिपुर के सभी 16 जिलों के लगभग 6000 एथलीट 34 विधाओं में भाग लेंगे।

श्री सिंह ने युवा मामले एवं खेल मंत्री के गोविनदास और एमओए अध्यक्ष राधेश्याम के साथ मिलकर खेलों का शुभंकर भी लॉन्च किया गया था। श्री सिंह ने आश्वासन दिया कि सभी सरकारी विभाग यह सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम करेंगे कि खेलों के दौरान सर्वोत्तम वातावरण और



आतिथ्य प्रदान किया जाए।

उन्होंने कार्यक्रम के बाद एक सोशल नेटवर्क प्लेटफॉर्म पर पोस्ट किया, मणिपुर ओलंपिक संघ द्वारा आयोजित दूसरे मणिपुर ओलंपिक खेल 2022 के शुभंकर का अनावरण करते हुए खुशी हो रही है।

श्री राधेश्याम ने कहा कि खेलों के सफल आयोजन के लिए सभी प्रबंध किए गए हैं और खेलों को सुचारू रूप से और पेशेवर रूप से आयोजित करने के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया गया था। अधिकांश खेल कार्यक्रम खुमान लम्पक स्टेडियम, मैपल कांगजीबुंग और अन्य स्थानों पर होंगे।

श्री राधेश्याम ने बताया कि दूर-दराज से आने वाले अधिकारियों और खिलाड़ियों के लिए अलग-अलग जगहों पर रहने की व्यवस्था की जाएगी। अधिकांश जिलों ने विभिन्न खेलों के प्रतिभागियों के नामों की घोषणा कर दी है।



# नीरज ने डायमंड लीग में हिस्सा लेने की पुष्टि की


**नयी दिल्ली ,24 अगस्त 2022।** टोक्यो ओलंपिक 2020 के गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा ने स्विट्ज़रलैंड के लौसेन में 26 अगस्त से होने वाली डायमंड लीग में हिस्सा लेने की पुष्टि की।

जर्मनी में अपनी चोट का इलाज करवा रहे नीरज ने ट्विटर पर अपनी तस्वीर साझा करते हुए कहा, मज़बूत और शुक्रवार के लिये तैयार महसूस कर रहा हूं। समर्थन के लिये सभी का शुक्रिया। आपसे लौसेन में मिलते हैं!गौरतलब है कि भारत के जैवलिन-थ्रो खिलाड़ी नीरज पिछले महीने विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के दौरान चोटिल हो गये थे और उन्हें एक महीने के आराम की सलाह दी गयी थी। नतीजतन, वह बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेल 2022 में हिस्सा नहीं ले सके थे।

नीरज ने विश्व चैंपियनशिप में 88.13 मीटर के जैवलिन-थ्रो के साथ रजत पदक जीता था। वह अंजू बॉबी जॉर्ज के बाद विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतने वाले दूसरे भारतीय हैं।

# पाकिस्तान के छक्के छुड़ाएंगे केएल राहुल, न्यूज़ीलैंड के पूर्व दिग्गज ने किया बड़ा दावा

**नई दिल्ली ,24 अगस्त 2022।** न्यूजीलैंड के पूर्व दिग्गज ऑलराउंडर स्कॉट स्टायरिस ने भारतीय स्टाइलिश ओपनर केएल राहुल को लेकर एक बड़ा खुलासा किया है। स्कॉट का ऐसा मानना है कि पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप के मुकाबले में राहुल टीम इंडिया के सबसे बड़े स्टार साबित होंगे। हाल ही में



जिम्बाब्वे के खिलाफ 3 मैचों की वनडे सीरीज में केएल राहुल ने लगभग ढाई महीने के बाद भारतीय टीम में वापसी की थी। एशिया कप का आगाज 27 अगस्त से होने जा रहा है और रोहित शर्मा की कप्तानी वाली टीम इंडिया अपने अभियान की शुरुआत रविवार 28 अगस्त को पाकिस्तान के खिलाफ खेले जाने वाले मैच से करेगी। दोनों देशों के बीच से महा मुकाबला दुबई के दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। दुनियाभर के क्रिकेट फैंस इस हाईवोल्टेज मुकाबले का बड़ी ही बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

# प्री क्वॉर्टर में पहुंचे अर्जुन-कपिला

**टोक्यो ,24 अगस्त 2022।** भारतीय पुरूष युगल टीम एम आर अर्जुन और ध्रुव कपिला बीडब्ल्यूएफ विश्व चैम्पियनशिप के प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए लेकिन महिला वर्ग में अश्विनी पोनप्पा और एन सिक्की रेड्डी हारकर बाहर हो गए। अर्जुन और कपिला की गैर वरीय जोड़ी ने डेनमार्क के आठवीं वरीयता प्राप्त किम एस्ट्रूप और एंडर्स स्कारूप रासमुसेन को 21 . 17, 21 . 16 से हराया।



अब उनका सामना सिंगापुर के ही योंग टैरी और लोह कीन हीन से होगा। पोनप्पा और सिक्की को शीर्ष वरीयता प्राप्त चीन की चेन किंग चेन और जिया यि फान ने 42 मिनटमें 21 . 15, 21 . 10 से मात दी। पूजा डांडु और संजना संतोष की जोड़ी भी तीसरी वरीयता प्राप्त कोरिया की ली सो ही और शिन सियुंग चान से हार गई। शाम को एच एस प्रणय, लक्ष्य सेन, किदाम्बी श्रीकांत पुरूष एकल में जबकि सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी पुरूष युगल और त्रिसा जॉली तथा गायत्री गोपीचंद महिला युगल में चुनौती पेश करेंगे।

# कृष 4 अपडेट : कृष 3 के अंत से होगी कृष 4 की शुरुआत




अगर कोई एक किरदार है, जिसके लिए अभिनेता ऋतिक रोशन को सबसे ज्यादा याद किया जाता है, तो वह भारतीय सुपरहीरो कृष का होना चाहिए। ऋतिक रोशन अपनी कृष मूवीज को लेकर हमेशा चर्चा में रहे है, वही एक बार फिर उनकी फिल्म कृष 4 को लेकर बड़ी जानकारी सामने आयी है , सूत्रों के मुताबिक पता चला है कि कृष 3 जहा से ख़त्म हुई थी वही से कृष 4 की शुरुआत होगी। इस फिल्म में तीसरे पार्ट को आगे बढ़ाया जायेगा वही कुछ किरदार बदले जायेंगे साथ ही रोमांचक ट्विस्ट और जबरजस्त एक्शन भी देखने को मिलेगा। फिल्म के निर्देशक राकेश रोशन कृष 4 की स्क्रिप्ट तैयार कर रहे है, वही कृष पार्ट 1, पार्ट 2, पार्ट 3, देखने के बाद लोगो में उत्साह और बड़ गया है, फैंस को फिल्म आने का इंतज़ार भी है।

कृष की 15वीं वर्षगांठ पर, अभिनेता ने इंस्टाग्राम पर एक लघु वीडियो को कैप्शन दिया, अतीत हो गया। आइए देखें कि भविष्य क्या लाता है। साथ ही वह कहते है कि - एक बार जब वह स्क्रिप्ट को अंतिम रूप दे देंगे, तो वे इस बड़े प्रोजेक्ट की कास्टिंग और अन्य लॉजिस्टिक्स पर काम शुरू कर देंगे। इसमें कुछ ऐसे एक्शन सीन्स भी होंगे जो पहले कभी नहीं देखे गए, इस कैप्शन से यही प्रतीत होता है कि जल्द ही कृष 4 की शुरुआत होगी। विशेष बातचीत में, प्रशंसित संगीतकार राजेश रोशन ने कृष 4 के संगीत पर बात की थी। हमने अभी तक कृष 4 के संगीत पर काम शुरू नहीं किया है, लेकिन जैसे ही अंतिम स्क्रिप्ट लॉक हो जाएगी, हम शुरू कर देंगे।

# भाई कुश के निर्देशन में बनी पहली फिल्म की शूटिंग के लिए ब्रिटेन में सोनाक्षी सिन्हा

बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा, जिन्हें आखिरी बार 2021 की फिल्म भुजः द प्राइड ऑफ इंडिया में देखा गया था, ने लंदन में अपनी अगली फिल्म थ्रिलर निकिता रॉय एंड बुक ऑफ डार्कनेस की शूटिंग शुरू कर दी है।



वह फिल्म में परेश रावल और सुहैल नैयर के साथ स्क्रीन शेयर करेंगी। यह फिल्म उनके भाई, कुश एस सिन्हा के निर्देशन में बनी पहली फिल्म है और भाई-बहनों के बड़े परदे के पहले सहयोग का प्रतीक है।फिल्म की शूटिंग शुरू करने के बारे में बात करते हुए, सोनाक्षी ने एक बयान में कहा, मैं मुश्किल से इस दिन का इंतजार कर सकती थी। मेरे भाई कुश आखिरकार एक निर्देशक के रूप में अपनी पहली फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं। यह हम सभी के लिए बहुत खुशी और गर्व का दिन है। वॉटफोर्ड शहर, जो सेंट्रल लंदन से 15 मील उत्तर-पश्चिम में कोल्ने नदी पर स्थित है, शूटिंग के लिए चुना गया।

फिल्म को 40 दिनों में फिल्माया जाएगा क्योंकि टीम उसके बाद यूके में कुछ और दर्शनीय स्थानों की शूटिंग करेगी। निकिता रॉय एंड द बुक ऑफ डार्कनेस का निर्माण निकी विक्की भगनानी फिल्म्स, क्रेटोस एंटरटेनमेंट, निकिता पाई फिल्म्स की किंजल घोने और मुरलीवाले पिक्च र्स के दिनेश गुप्ता ने किया है। फिल्म के 2023 में रिलीज होने की उम्मीद है।

# सिंघम-3 के बाद गोलमाल का नया पार्ट लाने की तैयारी कर रहे रोहित शेट्टी




हिंदी सिनेमा के मशहूर डायरेक्टर रोहित शेट्टी अपने बेबाक अंदाज के लिए हमेशा ही पहचाने जाते है। हाल ही में उन्होंने एक्टर अजय देवगन के संग आने वाली मूवी 'सिंघम 3' की घोषणा भी कर दी थी। अब उन्होंने अपनी एक और सुपरहिट फिल्म के अगले पार्टी का एलान कर दिया था। रिपोट्स का कहना है कि, डायरेक्टर ने कन्फर्म किया है कि वह एक बार फिर से अजय देवगन संग वह 'गोलमाल 5' बनाने वाले है। खबरों का कहना है कि रोहित शेट्टी की 'गोलमाल' फ्रेंचाइजी ने लोगों का जमकर मनोरंजन भी कर दिया है। इस फ्रेंचाइजी की चार मूवी आ चुकी हैं। अब इसके पांच वे पार्ट के बारे में सुनकर फैंस के मध्य हंगामा मच गया है। 'मीडिया की मानें तो आने वाली वेब सीरीज 'इंडियन पुलिस फोर्स' पर काम कर डायरेक्टर रोहित शेट्टी 'गोलमाल फ्रेंचाइजी' की अगली मूवी 'गोलमाल 5' के लिए कमर कस लिए है। उन्होंने खुद इस बात को इंटरव्यू में कंफर्म किया कि वह 'गोलमाल' के अगले पार्ट पर कार्य काम कर रहे हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार 'सिंघम' के ठीक बाद या उसके एक और वर्ष हो बाद इस पर काम करना शुरू कर देंगे। रोहित ने यहां तक साझा किया कि दो वर्ष से कोरोना महामारी ने सब कुछ बदल चुका है। इस कारण से वह 'गोलमाल' शुरू नहीं कर सके क्योंकि उन सभी के लिए काम का एक बड़ा बैकलॉग था। हालांकि, अब सब कुछ ठीक है और वह जल्द ही 'गोलमाल -5' पर काम शुरू करने का अनुमान कर रहे हैं। खबरों में भी कहा गया है, वह पुलिस यूनिवर्स की मूवीज, 'गोलमाल' और अब, 'सर्कस' के साथ अपने सिनेमा ब्रांड से खुश हैं। उन्होंने मूवी निर्माण की शैली में कोई बदलाव नहीं किया है जबकि इंडस्ट्री अराजकता में है। आजकल वह इस बात से खुश हैं कि उनकी टीम और वह सबसे शांत हैं क्योंकि वे ऐसी फिल्में बना रहे हैं इसमें लोग विश्वास करते हैं।




# जहां चार यार का ट्रेलर जारी

पर्दे पर अभिनेत्री स्वरा भास्कर काफी सहज नजर आती हैं। हाल में उन्होंने अपनी फिल्म जहां चार यार की रिलीज डेट का ऐलान किया था। अब मेकर्स ने इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज कर दिया है। ट्रेलर में सभी कलाकार मस्ती के मूड में नजर आए हैं। यह एक कॉमेडी फिल्म है, जिसमें मनोरंजन का भरपूर तड़का शामिल होगा। फिल्म में स्वरा के अलावा शिखा तलसानिया, मेहर विज और पूजा चोपड़ा मुख्य भूमिकाओं में हैं। स्वरा ने अपने ट्विटर हैंडल पर फिल्म का ट्रेलर शेयर किया है। उन्होंने अपने ट्वीट में लिखा, यह जारी हो गया और मैं शांत नहीं रह सकती। आइए गर्ल ट्रिप ऑफ द ईयर में शामिल हों, जहां मस्ती, उल्लास, प्यार और लॉफ्टर होने वाला है। जहां चार यार का ट्रेलर अब जारी हो गया है। जहां चार यार 16 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म को कमल पांडे ने निर्देशित किया है। यह उनके निर्देशन की पहली फिल्म है। जहां चार यार रोड़ ट्रिप पर आधारित फिल्म है, जिसमें सभी चारों अभिनेत्रियां अपने पति को छोड़कर दोस्तों के साथ गोवा ट्रिप पर निकल जाती हैं। जब घर के कामों से इन चारों महिलाओं का मन उब जाता है, तो वे कुछ एडवेंचर करने का निर्णय लेती हैं। इसमें दिखाया गया है कि कैसे ये महिलाएं पति की परछाई से बाहर निकलती हैं। फिल्म के जरिए कहीं ना कहीं पितृसत्तात्मक (पुरुषवादी) समाज को आइना दिखाने की कोशिश की गई है।













CMYK

## संक्षिप्त समाचार




### इस क्षेत्र में हुआ भीषण सड़क हादसा, 9 महीने के मासूम की हुई मौत

धमतरी, 24 अगस्त 2022। जिले के कुरुद थाना क्षेत्र में एक भीषण सड़क हादसा हुआ है जहां एक 9 महीने के मासूम की मौत हो गई है। घटना नेशनल हाइवे की है जहां एक बोलरो ने वैन को टक्कर मार दी है। इस हादसे में लगभग 7 लोग घायल हो गए हैं। हादसे में घायल 2 मरीज धमतरी और बाकी कुरूद अस्पताल भेजे गए हैं।

बताया जा रहा है कि इस हादसे में एक 9 महीने के बच्चे की मौत हो गई है। फिलहाल पुलिस इस पूरे मामलों की जांच कर रही है।

### मैनपुर थाना में पदस्थ एएसआई सिदार ने लगाई फांसी,मचा हड़कंप



गरियाबंद , 24 अगस्त 2022। छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले के मैनपुर थाना से एक बड़ी खबर निकलकर सामने आई है मैनपुर थाना में पदस्थ एएसआई शंकर लाल सिदार ने थाना में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है ज्ञात हो कि मैनपुर थाना में एएसआई शंकर लाल सिदार उम्र 58 वर्ष 01नवंबर 2021से पदस्थ थे तथा काफी मिलनसार स्वभाव के थे

मिली जानकारी के अनुसार एएसआई शंकर लाल सिदार गाताडिही सरसीवा बलौदा बाजार के रहने वाले बताऐ जा रहे हैं इस घटना की मैनपुर थाना प्रभारी सुर्यकांत भारद्वाज ने पुष्टि की है।

### देश को बेरोजगारिस्तान बना देने वाले छत्तीसगढ़ में नौटंकी न करें- मौर्य



जगदलपुर, 24 अगस्त 2022। युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव एवं सांसद प्रतिनिधि सुशील मौर्य ने भाजपा के प्रदर्शन के औचित्य पर सवाल उठाते हुए कहा है कि छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय औसत तथा भाजपा एनडीए शासित राज्यों के मुकाबले बेरोजगारी की दर न के बराबर है तो यह युवा पीढ़ी को गुमराह करने की भाजपाई नौटंकी निरर्थक है। युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव व सांसद प्रतिनिधि सुशील मौर्य ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ बेरोजगारी की विभीषिका से मुक्त हुआ है। खुशहाल हुआ है और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में मजबूती आई है तो भाजपा को यह बर्दाश्त नहीं हो रहा। भाजपा को घेराव करने का इतना ही शौक है तो उन प्रधानमंत्री का आवास घेरे, जिन्होंने 8 साल पहले हर साल 2 करोड़ रोजगार देने का वादा किया था और इसके विपरीत देश को बेरोजगारिस्तान बना दिया।

युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव तथा सांसद दीपक बैज के प्रतिनिधि सुशील मौर्य ने कहा कि जब छत्तीसगढ़ में बेरोजगारी दर अब तक के सबसे न्यूनतम स्तर पर है। राज्य की बेरोजगारी दर 0.6 प्रतिशत पर आ गई है। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी संगठन द्वारा जारी आंकड़ों से स्पष्ट हो गया है कि छत्तीसगढ़ देश में सबसे कम बेरोजगारी दर वाले राज्यों में प्रथम स्थान पर है।





# पूर्व सीएम डॉ.रमन सिंह,विधायक सौरभ सिंह,पूर्व भाजयुमो अध्यक्ष समेत सैकड़ों कार्यकर्ता हुए गिरफ्तार,सीएम हाउस के बेहद करीब पहुंचे भाजपा कार्यकर्ता

रायपुर, 24 अगस्त 2022। बेरोजगारी के मुद्दे पर भाजपा युवा मोर्चा के सीएम हाउस घेराव प्रदर्शन में भाजपाई प्रदर्शनकारियों ने पुलिस के सभी इंतजाम को ध्वस्त कर दिया है। शाम होते होते प्रदर्शनकारी सीएम हाउस के बेहद करीब पहुंच गए हैं।

इस बीच बड़ी खबर आ रही है कि पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह, भाजपा विधायक सौरभ सिंह, केदार कश्यप एवं भाजयुमो अध्यक्षअनुराग सिंहदेव,राजेश मूणत समेत सैकड़ों कार्यकर्ता गिरफ्तार कर लिये गए हैं। गिरफ्तार सभी नेताओं को अस्थाई जेल में रखा जा रहा है। बाद में उन्हें सेंट्रल जेल ले जाया जाएगा।

बता दें कि छत्तीसगढ़ में बेरोजगारी और बढ़ते अपराधों के विरोध में भारतीय जनता युवा मोर्चा के नेतृत्व राजधानी रायपुर में हल्ला बोल प्रदर्शन किया गया है। प्रदर्शन में शामिल होने प्रदेश के अलग-अलग जिलों से हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने के लिए निकले हैं।

कार्यकर्ताओं ने ह्यरू चौक और कालीबाड़ी चौक पर लगाए गए पुलिस बैरिकेड्स को तोड़ दिया है। इस दौरान पुलिस और नारेबाजी कर रहे कार्यकर्ताओं के बीच धक्का-मुक्की भी हुई। ऐसी जानकारी मिल रही है कि भाजपा नेता सीएम हाउस के बेहद करीब पहुंच चुके हैं।

**इस हुंकार से कुर्सी हिली,अगली से सरकार गिरना तयः तेजस्वी**

वहीं भाजयुमो के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या ने कहा कि भूपेश सरकार डर चुकी है। पुलिस डर चुकी है. युवा मोर्चा अध्यक्ष बनने के बाद कई राज्यों के आंदोलनों में मैं भाग ले चुका हूं, लेकिन छत्तीसगढ़ के युवा मोर्चा ने जिस तरह से आंदोलन किया है, जिस तरह से सरकार को डरा दिया है। ऐसा आंदोलन मैंने नहीं देखा है, मैं हनुमान की जन्म स्थली कर्नाटक से आता हूं, आज श्री राम के ननिहाल आया हूं. ये संघर्ष करने का समय है, लाठी खाने का समय है, सरकार को उखाड़कर फेंकने का समय है।

सूर्या ने कहा कि छत्तीसगढ़ के इतिहास में ये सरकार सबसे भ्रष्टतम सरकार है। युवा मोर्चा तीन महीने का समय सरकार को दे रहा है कि सरकारी नौकरी के रिक्त पदों को भरे। अनियमित कर्मचारियों को नियमित किया जाए। युवा मोर्चा पीछे पड़कर ये काम करवाएगा. दिसम्बर महीने में युवा मोर्चा फिर एक बार हुंकार करेगा. इस हुंकार से कुर्सी हिल गई है. अगले हुंकार में सरकार गिरना तय है.

**कार्यकर्ता चाहेगा तो कंटेनर को भी चिपका देगा, फुलफार्म के दिखे बृजमोहन**

बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि विराट स्वरूप दिखना चाहिए कि राक्षसों का विनाश हो जाए. ये विराट स्वरूप दिखना चाहिए कि भ्रष्टाचारियों का सफाया हो सके। ये पहली बार किसी प्रदर्शन में हुआ है कि कंटेनर रोड में लगाए गए हैं। अगर कार्यकर्ता तय कर लेगा तो कंटेनर को भी चिपका देगा। वानरों ने इसी साहस से लंका पर विजय पाई थी. रावण तो विद्वान था, लेकिन ये सरकार भ्रष्टाचारी है। ऐसी सरकार को उखाड़कर फेंक देना चाहिए।

## छत्तीसगढ़ में 1 सितंबर से 5 नए जिलों का गठन करने सीएस अमिताभ जैन ने ली कमिश्नर,आईजी,कलेक्टर,एसपी की मीटिंग



रायपुर, 24 अगस्त 2022। छत्तीसगढ़ में एक सितंबर से प्रारंभ होने जा रहे नए जिलों के संदर्भ में चीफ सिकरेट्री अमिताभ जैन ने बुधवार को अफसरों की वर्चुअल मीटिंग ली। वर्चुअल बैठक में दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर और सरगुजा के कमिश्नर, आईजी, राजनांदगांव, जांजगीर, कोरिया, रायगढ़ के कलेक्टर, एसपी समेत पांचों नए जिलों के ओएसडी शामिल रहेंगे।

वर्चुअल मीट में मंत्रालय में सीएस के साथ कई विभागों के सचिव भी रहेंगे। सीएस इस मीटिंग में अफसरों से नए जिलों की तैयारी के संदर्भ में प्रगति की जानकारी ली।

## जिले की फायनेंस कंपनी में नेपाली चोर गैंग ने बोला धावा,मोमोस के बहाने करते थे रेकी

बिलासपुर, 24 अगस्त 2022। प्रदेश के कई हिस्सों से लगातार चोरी की घटनाएं सामने आ रही हैं। वहीँ एक ताजा मामला सामने आया है बिलासपुर जिले से जहां चोरों ने देर रात एक गोल्ड लोन फायनेंस कंपनी में धावा बोल दिया। चोर इस वारदात को अंजाम देने के लिए पूरी तैयारी के साथ आए साथ लोहा और दीवार काटने के लिए औजार लेकर आए थे।

बताया जा रहा है कि देर रात 10 से 12 चोरों ने मणप्पूरम गोल्ड लोन




फाइनेंस कंपनी में चोरी करने के लिए बाजू की दुकान का शटर तोड़कर अंदर घुसे चोरों ने दीवार तोड़ दिया और गोल्ड फाइनेंस कंपनी में पहुंच गए। अंदर घुसकर उन्होंने गैस कटर से गेट व तालों को काटकर दो लॉकर को काट दिए।हालांकि चोर नकदी और गहने ले जाने में सफल नहीं हो पाए हैं।

जांच के दौरान पुलिस को जनकारी मिली है कि इस चोरी में नेपाली गैंग का हांथ है। गिरोह के दो सदस्य पिछ्ले पंद्रह दिन से गोल्ड लोन कंपनी के पास रूम किराए पर लेकर रहे थे और मोमोज बेचने के बहाने रेकी कर रहे थे। गिरोह में 10 से 12 लोग थे, जो मंगलवार की रात पहुंचे थे। दो गैस कटर से उन्होंने तिजोरी काटने की कोशिश की, जिसमें वे सफल नहीं हो पाए हैं। उनके आधार कार्ड और फोन नंबर भी मिले हैं, जिसके आधार पर टीम उनकी तलाश में जुट गई है।

### युवक पर हथौड़ा से हमला कर लूट

रायपुर, 24 अगस्त 2022। फाफाडीह चौक स्थित एसबीआई ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक पर हथौड़ा से हमला कर नकदी रकम लूटकर फरार हो गए। प्रार्थी की शिकायत पर गंज थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार श्रीनगर खमतराई निवासी प्रार्थी वाय. राजशेखर 48 वर्ष फाफाडीह चौक में एसबीआई ग्राहक सेवा चलाता है। बताया जाता है कि प्रार्थी का बड़ा भाई याला प्रकाश दुकान में बैठा था तभी अज्ञात व्यक्ति फोटो कापी कराने आया। इस दौरान मौका पाकर आरोपी ने अपने बैग से हथौड़ा निकाल कर प्रकाश के सिर पर हमला कर दिया।

## शोभायात्रा के साथ भगवान श्रीनर्मदेश्वर शिव को करवाया गया नगर भ्रमण

जगदलपुर, 24 अगस्त 2022। शहर के ठाकुर अनुकूल देव वार्ड स्थित सीमांचल नगर में भगवान गंगाधर शिव की विशाल प्रतिमा के साथ ही श्रीनर्मदेश्वर शिव की स्थापना का पांच दिवसीय अनुष्ठान चल रहा है। चौथे दिन बुधवार को शोभायात्रा के साथ भगवान श्रीनर्मदेश्वर शिव को नगर भ्रमण करवाया गया। इस अनुष्ठान में शहर के अनेक संघ-संगठन व समाज के लोगों ने जगह-जगह स्वागत किया।

नगर के सीमांचल नगर में करीब 40 टन वजनी भगवान गंगाधर शिव की विशाल प्रतिमा के साथ ही श्रीनर्मदेश्वर शिव की स्थापना की जा रही है। पांच दिवसीय अनुष्ठान के तीसरे दिन 24 अगस्त की सुबह 07 बजे सूर्य नमस्कार, गो पूजन, यज्ञ मंडप पूजन, देवता अधिवास, महास्नान, आवाहित यज्ञ मंडप और देवता होम के बाद श्रीनर्मदेश्वर शिव को नगर भ्रमण कराया गया। श्रीनर्मदेश्वर शिव का नगर भ्रमण दोपहर 1.30 बजे से माई दंतेश्वरी मंदिर से नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए हाटकचोरा पहुंच कर संपन्न हुआ।



मां दंतेश्वरी मंदिर से प्रारंभ शोभा यात्रा का स्वागत जगन्नाथ मंदिर के सामने आरण्यक समाज ने किया, सिरहासार के सामने यादव समाज एवं हिन्दू युवा वाहिनी, गोल बाजार चौक में सिंधी समाज, मेन रोड पर सराफा संघ, बस्तर चेंबर ऑफ कॉमर्स, उत्कल समाज, जैन समाज, बस्तर क्षत्रिय धाकड़ राजपूत समाज, झंकार चौक आंध्रा समाज, शहीद पार्क चौक में सर्व ब्राह्मण एवं बंगाली समाज, गायत्री परिवार एवं जलाराम मंदिर के सामने गुजराती समाज सहित अन्य समाज के लोगों ने स्वागत किया।

## छत्तीसगढ़ में शिक्षा लोकल से लेकर ग्लोबल लैंग्वेज में:मुख्यमंत्री




» 16 स्थानीय बोलियों व चार पड़ोसी राज्यों की भाषाओं में शिक्षा प्रदान की जा रही

» एजुकेशन समिट में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से परिचर्चा

रायपुर, 24 अगस्त 2022। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज हिंदुस्तान टाइम्स के एजुकेशन समिट में वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए। इस दौरान मुख्यमंत्री बघेल से छत्तीसगढ़ में शिक्षा को लेकर किए जा रहे नवाचार पर बात हुई। परिचर्चा में मुख्यमंत्री बघेल ने बताया कि छत्तीसगढ़ में स्कूली बच्चों को शिक्षा लोकल से लेकर ग्लोबल लैंग्वेज में प्रदान की जा रही है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य में दुर्गम क्षेत्रों तक पहुंचने के लिए शिक्षा के क्षेत्र में कई नवाचार किए गए हैं।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने एजुकेशन समिट के दौरान छत्तीसगढ़ में शिक्षा में नवाचारों पर बात की। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में इस वक्त स्कूली बच्चों को 16 स्थानीय बोलियों व चार पड़ोसी राज्यों की भाषाओं में बच्चों को शिक्षा प्रदान की जा रही है। वहीं वैश्विक ज़रूरतों और बच्चों के भविष्य में बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए सरकारी स्कूलों में भी अंग्रेजी भाषा में शिक्षा देने की शुरुआत की गई है। इसके लिए स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट शासकीय अंग्रेजी मीडियम स्कूल खोले गए। वर्तमान में राज्य लगभग 300 स्वामी आत्मानंद स्कूल संचालित हो रहे हैं। आगामी शिक्षा सत्र में 422 स्वामी आत्मानंद स्कूल होंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि हम छत्तीसगढ़ के हर राज्य में अंग्रेजी माध्यम कॉलेज भी स्थापित कर रहे हैं ताकि राज्य के बच्चों को विश्वस्तरीय शिक्षा प्राप्त करने में मदद मिल सके। उन्होंने बताया कि हिन्दी माध्यम के स्कूलों में भी गुणवत्ता सुधार के लिए प्रयास किए जा रहे हैं और शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूलों की तरह ही उत्कृष्ट हिंदी माध्यम स्कूल शुरू किए जा रहे हैं।

इस दौरान मुख्यमंत्री बघेल से स्कूली पाठ्यक्रम में राष्ट्रवाद को शामिल करने के सवाल किया गया, जिस पर उन्होंने कहा कि राष्ट्रवाद का अर्थ हर व्यक्ति के लिए अलग होता है। स्कूली शिक्षा में राष्ट्रवाद को शामिल कर राजनीतिक दलों को अपना एजेंडा तय नहीं करना चाहिए।

## एसपी के निर्देशन में शक्ति टीम द्वारा दी गई माही नर्सिंग इंस्टीट्यूट के छात्राओं को महिला अभिव्यक्ति एप की जानकारी

**अभिव्यक्ति एप में महिला सुरक्षा संबंधी दी गई है कई महत्वपूर्ण जानकारियां**

**टीम रक्षक ने भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर महिलाओं को अभिव्यक्ति एप के बारे में कराया अवगत**

धमतरी, 24 अगस्त 2022। बालिका एवं महिलाओं के सुरक्षा के लिए अभिव्यक्ति एप छत्तीसगढ़ पुलिस विभाग द्वारा तैयार किया गया है। इस



अभिव्यक्ति महिला सुरक्षा एप के माध्यम से महिलाओं को तत्काल सहायता मिलेगी यूजर की लोकेशन के हिसाब से एसओएस बटन दबाते ही यूजर के पास त्वरित पुलिस सहायता पहुंचेगी इसके अलावा इस एप के माध्यम से महिलाएं कहीं से भी अपनी शिकायत पुलिस के पास दर्ज करा सकेंगी शक्ति टीम ने छात्राओं को बताया ,कि वे महिला सुरक्षा अभिव्यक्ति एप से तुरंत पुलिस की सहायता प्राप्त कर सकते हैं आप सभी अपने अपने मोबाइल में डाउनलोड करें। आप बालिका एवं महिला के संबंधी अभिव्यक्ति एप के बारे में अपने घर परिवार दोस्तों एवं रिस्तेदार को बतायें एवं प्रचार प्रसार करें।

पुलिस अधीक्षक धमतरी प्रशांत ठाकुर के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मेघा टेंभुरकर साहू के मार्गदर्शन में श्रीमती सारिका वैद्य उप पुलिस अधीक्षक महिला विरुद्ध अपराध के नेतृत्व में आज बुधवार 24 अगस्त को सुरक्षा एप के बारे में प्रचार-प्रसार एवं उसके इस्तेमाल को लेकर धमतरी पुलिस की शक्ति टीम ने माही नर्सिंग इंस्टीट्यूट धमतरी पहुंची जहां वे नर्सिंग छात्राओं को शिक्षक-शिक्षिकाओं की मौजूदगी में इसके बारे में विस्तृत जानकारी से अवगत कराया।

## धोखधड़ी से बचने मोर मितान सायबर जन जागरूकता का किया आयोजन



कांकेर, 24 अगस्त 2022। जिले के सायबर सेल कांकेर के द्वारा मोर मितान के तहत सायबर जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन आज शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विधालय कांकेर प्रांगण में किया गया। वर्तमान परिपेक्ष में मोबईल, इंटर नेट, कम्प्यूटर, लैपटाप एवं अन्य इलेट्रानिक संचार संसाधनो को बहुताय एवं रोजमरा की जिन्दगी में जन समान्य द्वारा उपयोग किया जा रहा है, तथा उक्त संसाधनो का उपयोग जागरूकता की कमी के कारण सायबर अपराधियों के जाल में फस रहें है। सायबर अपराधों के रोकधाम के लिए सायबर जन जागरूता कार्यक्रम का आयोजन कर सायबर सेल प्रभारी उप निरीक्षका सत्येंद्र सिंह एवं उप निरीक्षक महेश प्रधान के द्वारा डेबिट/क्रेडिट कार्ड से आनलॉईन धोखाधड़ी, युपीआई फ्रॉड, कस्टमर केयर फ्रॉड, फेक ऐकाउट, टावर लगाने के मान से फ्रॉड, केबीसी फ्रॉड, सोशल नेटवर्किंग साईट, ओएएक्स एक्ट फ्रॉड, लाटरी लगने के नाम से धोखधड़ी, नौकरी के नाम से फ्रॉड आदि के संबंध में सरल शब्दों में शाला के शिक्षकों एवं छात्राओं को जानकारी दिया गया तथा उपरोक्त ऑनलाईन धोखधड़ी से बचने के लिए उपाय के संबंध में भी जानाकारी उदहारण देकर बताया गया, साथ ही ऑनलाईन फ्रॉड की जानकारी को 24 घंटे के भीतर में सूचित करने या नजदिकी पुलिस थाना में शिकायत करने के लिए निर्देश दिया गया।

## कबीरधाम की बेटी दिव्यांग खिलाड़ी छोटी मेहरा ने गोल्ड मेडल जीत कर जिले का नाम किया रोशन

कबीरधाम, 24 अगस्त 2022। कबीरधाम जिले की दिव्यांग खिलाड़ी छोटी मेहरा ने इंडियन ओपन एथलेटिक्स बेंगलुरु में आयोजित खेल प्रतियोगिता में अपना बेहतर प्रदर्शन कर गोल्ड एवं रजत पदक प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया। छोटी मेहरा ने कबीरधाम जिले के साथ प्रदेश का नाम भी खेल जगत में रौशन किया है। पैरा ओलंपिक कमिटी ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय पैरालंपिक कमेटी के मापदंड के अनुसार चौथी भारतीय राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप बैंगलुरु कर्नाटक में आयोजित किया गया था।

जिसमें कबीरधाम पुलिस कप्तान डॉ. लाल उमेद सिंह के द्वारा छोटी मेहरा का उत्साहवर्धन कर उक्त प्रतियोगिता में शामिल होने सहयोग प्रदान कर उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु रवाना किया गया था। जिसमें दिव्यांग खिलाड़ी छोटी ने गोल्ड मेडल सहित



2 मैडल हासिल किया हैं। चक्र फेक प्रतियोगिता में 13.76 मीटर की दूरी तक चक्र फेक कर गोल्ड मेडल के साथ राष्ट्रीय रिकार्ड भी अपने नाम किया, साथ ही गोला फेक प्रतियोगिता में रजत पदक भी प्राप्त किया हैं।

ट्रेनर प्रधान आरक्षक वसीम रजा कुरैशी के द्वारा जानकारी दिया गया कि दिव्यांग छोटी मेहरा शुरू से ही खेल के प्रति काफी रुचि रखती हैं। अब तक वह कई मैडल व पुरुस्कार भी अपनी कड़ी मेहनत और लगन के बदौलत प्राप्त कर चुकी हैं। दिव्यांग छोटी मेहरा का जीवन बहुत से आभावों में गुजर रहा हैं। लेकिन जब से हमारे पुलिस कप्तान डॉ. लाल उमेद सर आये हैं, वे स्वयं इन खिलाड़ियों कि हर तरह से पूर्ण सहयोग कर रहे हैं।

जिससे इनका आत्मविश्वास लगातार बढ़ रहा है और यह अपना बेहतर प्रदर्शन कर जिले एवं प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)